वर्ष- 22 अंक - 55 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक

# सिटी ब्लास्ट

निर्भीक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, गुरुवार 06 अगस्त 2026

# शेख हसीना के करीबी क्रिकेटर के घर पर फिर हमला-तोड़फोड़




**ढाका ● एजेंसी**

एक समय पूरा बांग्लादेश जिन शाकिब अल हसन को अपना सबसे बड़ा क्रिकेट हीरो मानता था, आज वही खिलाड़ी अपने ही देश में भारी विरोध का सामना कर रहा है। कल शेख हसीना पहली बार सार्वजनिक रूप से सामने आईं। उन्होंने वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसी कार्यक्रम में पूर्व कप्तान शाकिब अल हसन भी ऑनलाइन मौजूद थे। जैसे ही यह खबर फैली, बांग्लादेश में गुस्साए लोगों ने उनके घर को निशाना बना लिया और पेट्रोल बम से हमला कर आग लगा दी और तोड़फोड़ की। 2023 में शाकिब ने शेख हसीना की पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ा था और सांसद बने थे। शेख हसीना का तख्ता पलट जाने के बाद हसीना विरोधियों ने शाकिब के घर पर हमला कर आगजनी की थी। कल फिर ऐसा ही नजारा देखने को मिला। शाकिब फिलहाल बांग्लादेश छोड़कर अमेरिका में रह रहे हैं। यह भी तय है कि अब वह कभी बांग्लादेश के लिए क्रिकेट नहीं खेल पाएंगे, कम से कम मौजूदा सरकार के रहते तक तो कभी नहीं! बांग्लादेश की आम जनता भी यही चाहती है।

# 33 गांव और 40 स्कूलों में घुसा पानी

## मकान ढहने से 6 की मौत, नदी में समा गया पुल





**गुरुवार ● एजेंसी**

उप्र में लगातार हो रही बारिश से नदियां उफान पर हैं। फर्रुखाबाद जिले के 33 गांवों और 40 सरकारी स्कूलों में गंगा का पानी घुस गया है। बलिया में एक हफ्ते में 27 घर सरयू नदी में समा चुके हैं। वाराणसी में गंगा का पानी 40-50 छोटे मंदिरों में घुस गया है। वहीं, प्रतापगढ़ में लगातार बारिश के कारण 100 साल पुराना मकान ढह गया, जिसमें एक ही परिवार के 6 लोगों की मौत हो गई। असम में 6 और लोगों की मौत के बाद मरने वालों की संख्या बढ़कर 95 हो गई। उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में अलकनंदा नदी उफान पर आने से एक पुल नदी में डूब गया। रहवासी इलाकों में भी नदी का पानी घुस गया। उत्तराखंड में देहरादून, चमोली, बागेश्वर, रुद्रप्रयाग और पौड़ी गढ़वाल में आंगनबाड़ी केंद्रों के साथ 12वीं तक के सभी स्कूल बंद कर दिए गए हैं। रुद्रप्रयाग में मूसलाधार बारिश के बाद तिलवाड़ा के पास पहाड़ से मलबा और पानी केदारनाथ हाईवे पर आ गया। इससे कई गाड़ियां कीचड़ और चट्टानों के मलबे में दब गईं।

## प्लेन से टकराते-टकराते बचा ट्रंप का हेलीकॉप्टर

**वॉशिंगटन.एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने हेलीकॉप्टर मरीन वन से उड़ान भर रहे थे तभी कुछ ऐसा हुआ कि पूरे एयर ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम की जान हलक में अटक गई। राष्ट्रपति का हेलीकॉप्टर मरीन वन एक यात्री विमान से टकराने से बच गया। हेलीकॉप्टर यात्री विमान के बेहद करीब पहुंच गया। गनीमत रही कि हेलीकॉप्टर और प्लेन की टक्कर नहीं हुई जिससे ट्रंप बाल-बाल बच गए।

## पीओके चुनाव में नवाज शरीफ की पार्टी को बढ़त

**गुरुवार.एजेंसी।** पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) की विधानसभा के चुनाव में पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की पार्टी पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) ने बड़ी बढ़त हासिल कर ली है। अब तक दो चरणों की मतगणना पूरी हो चुकी है, जिसमें पार्टी ने 34 में से 24 सीटों पर जीत दर्ज की है। इसके साथ ही पीएमएल-एन का अगली क्षेत्रीय सरकार बनाना लगभग तय माना जा रहा है।

## सर्राफा कारोबारी को गोली मारी, 75 लाख के जेवर लूटे

**विदिशा.एजेंसी।** मध्य प्रदेश के विदिशा जिले में बाइक सवार तीन नकाबपोश बदमाशों ने सर्राफा कारोबारी को गोली मार दी। बदमाश कारोबारी और उनके बेटे से करीब 30 किलो चांदी, करीब 30 ग्राम सोना, 25 हजार रुपए नकद और आभूषणों से भरा बैग लूटकर फरार हो गए।

## अमेरिका में अंधाधुंध फायरिंग, कई की मौत

**वॉशिंगटन.एजेंसी।** अमेरिका के नॉर्थ कैरोलिना राज्य के कैसवेल काउंटी में एक घर में हुई अंधाधुंध गोलीबारी में कई लोगों की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची तो वहां कई लोग गोली लगने से घायल मिले। घायलों में से एक व्यक्ति को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जबकि कई अन्य लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

## सीआरपीएफ कैंप में गोलीबारी, 3 जवान शहीद

**बालाघाट.एजेंसी।** असम के नागांव जिले के कटिमारी स्थित 34वीं बटालियन सीआरपीएफ कैंप में गोलीबारी हुई, जिसमें 3 जवान शहीद हो गए। गोलीबारी की घटना में बालाघाट के हेड कांस्टेबल विष्णु प्रसाद बघेल शहीद हो गए। उनका पार्थिव शरीर आज गृहग्राम पहुंचेगा।

## 221 फीट लंबी देशभक्ति वाली कांवड़

**मुजफ्फरनगर.एजेंसी।** मुजफ्फरनगर में एक ऐसी कांवड़ पहुंची, जिसने आस्था के साथ-साथ देशभक्ति का संदेश भी दिया। 221 फीट लंबी और 11 फीट ऊंची तिरंगा कांवड़ जब दिल्ली-देहरादून नेशनल हाइवे-58 पर पहुंची तो उसे देखने के लिए लोगों की भीड़ जुट गई। इस अनोखी कांवड़ को बागपत के 21 शिवभक्त हरिद्वार से गंगाजल लेकर अपने गांव तक पैदल ले जा रहे हैं। साथ में बड़ा तिरंगा भी है।



## न्यूज ब्रीफ...

### बंगाल में 1279 मस्जिदों और 199 मंदिरों से हटाए लाउडस्पीकर

**कोलकाता.एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में ध्वनि प्रदूषण के खिलाफ पुलिस ने बड़े स्तर पर अभियान चलाते हुए महज दो दिनों के भीतर करीब 1500 धार्मिक स्थलों से लाउडस्पीकर हटवा दिए 1,279 मस्जिदों और 199 मंदिरों से लाउडस्पीकर हटाए गए।

### झारखंड के आंदोलनकारी छात्र मुख्यमंत्री से बात पर अड़े

**रांची.एजेंसी।** झारखंड में झारखंड लोक सेवा आयोग की 14वीं संयुक्त सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा में गड़बड़ियों को लेकर छात्रों का आंदोलन तेज होता जा रहा है। लगातार प्रदर्शन के बीच हेमंत सोरेन सरकार दबाव में दिख रही है। सरकार ने प्रोटेस्ट कर रहे छात्रों से बातचीत के लिए चार मंत्रियों का एक प्रतिनिधिमंडल गठित किया है। हालांकि छात्रों की मांग है कि वह सीधे सीएम से ही बात करेंगे।

### चांद से टकराया रॉकेट का टुकड़ा

**गुरुवार.एजेंसी।** करीब एक साल तक अंतरिक्ष में भटकने के बाद स्पेस एक्स के फॉल्कन 9 रॉकेट का विशाल टुकड़ा आखिरकार चांद से टकरा गया। इस टक्कर के कारण टुकड़ा मलबे की तरह बिखर गया। वैज्ञानिकों का मानना है कि इस टक्कर से चंद्रमा की सतह पर एक नया गड्ढा बना होगा। यह घटना अंतरिक्ष कचरे को लेकर बढ़ती चिंता भी उजागर करती है।

### क्रेन से पहनाई 200 किलो की माला

**झांसी.एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के झांसी जिले में देर रात भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष रोहित मिश्रा के आगमन पर कार्यकर्ताओं ने क्रेन की मदद से 2 कुंतल की विशाल माला पहनाकर उनका अनोखा स्वागत किया।

### नॉर्थ कोरिया ने रूस में तैनात की मिसाइल

**गुरुवार.एजेंसी।** उत्तर कोरियाई मिसाइल यूनिट पश्चिमी रूस में तैनात हो रही है। इसमें 120 बैलिस्टिक मिसाइलें और छह लॉन्चर हैं। यूक्रेन की एयर डिफेंस के लिए बड़ा खतरा पैदा हो गया है।

### कांवड़ के साथ सपाटे

**गुरुवार.एजेंसी।** हरिद्वार से हरियाणा के नाहरी तक 200 किमी की कांवड़ यात्रा पर निकले मनजीत दहिया आस्था के साथ फिटनेस का संदेश दे रहे हैं। यात्रा के दौरान रास्ते में रुककर एक बार में 3500 सपाटे लगाने वाले मनजीत युवाओं को नशे से दूर रहकर बेहतर स्वास्थ्य और सेहत पर ध्यान देने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

# अमित शाह और कैलाश विजयवर्गीय के बीच एक घंटे की एकांत में अहम मुलाकात

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट



केन्द्रीय गृह मंत्री और भाजपा में नम्बर-2 अमित शाह के साथ मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की करीब एक घंटे तक दिल्ली में एकांत में अहम मुलाकात हुई। दतिया उपचुनाव की हार के बाद विजयवर्गीय की मुलाकात अहम मानी जा रही है। जानकारों का यह भी मानना है कि प्रदेश की वर्तमान राजनीति और हालातों पर भी चर्चा हुई है, खासतौर से दतिया उपचुनाव को लेकर चर्चा हुई। इस मुलाकात के बाद राजनीतिक हलकों में कई तरह की चर्चा भी चल पड़ी।

वहीं राजनीतिक जानकारों का कहना है कि कल जो मुलाकात अमित शाह और कैलाश विजयवर्गीय के बीच हुई वह बेसिक नरोत्तम मिश्रा के बचाव को लेकर भी महत्वपूर्ण चर्चा हुई। सभी जानते हैं कि दतिया में जांच कमेटी भी गौरव रणदिवे के नेतृत्व में बन चुकी है और सीधी-सीधी अंगुलियां नरोत्तम मिश्रा पर उठ रही है। इसीलिए जानकार बता रहे हैं कि विजयवर्गीय ने कल अमित शाह के समक्ष नरोत्तम मिश्रा का भी बचाव किया।



## चौकसे दिल्ली से लौटे

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे की कल दिल्ली में कांग्रेस मुख्यालय इन्दिरा भवन में रिपोर्ट पेशी थी। कल बैठक में वेणु गोपाल मौजूद नहीं थे, लेकिन हरीश चौधरी, जीतू पटवारी, शशिकांत सेंथिल, वंशीचन्द्र रेड्डी, उषा नायडू, रणविजय लोचव की मौजूदगी में चौकसे ने इंदौर में हुए कार्यों की जानकारी दी। वहीं सभी नेताओं ने यही कहा कि मजबूती से काम करना, जो कमेटियां बनी है उसकी जिम्मेदारी दो, बूथ स्तर पर जिम्मेदारी तय करो, जो वार्ड कमेटियां और बूथ कमेटियां बची है, जिनकी फिजिकल वेरिफिकेशन बची है उनको जल्दी से पूरा करो। बूथ स्तर के संगठन पर इस बैठक में जोर दिया गया। इस बैठक के बाद चौकसे इंदौर के लिए निकले थे और कल रात ही वापस इंदौर आ गए थे।

## अलग-अलग दिन अलग-अलग श्रेणी की बैठक

दिल्ली आलाकमान ने प्रदेश के सभी जिला और शहर अध्यक्षों की बैठक अलग-अलग दिन अलग-अलग श्रेणी के हिसाब से बुलाई, प्रदेश के 12 जिला अध्यक्ष ऐसे हैं, जिन्हें डी-श्रेणी में रखा गया है और इन 12 अध्यक्षों को 60 दिन में अपनी श्रेणी सुधार का मौका दिया गया है। यह भी कहा गया है कि अगर वे 60 दिन में अपना अध्यक्ष की परफार्मेंस नहीं सुधारते है, तो उन्हें हटा दिया जाएगा। शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे अभी अच्छी श्रेणी में हैं, लेकिन उन्हें संगठन और मजबूत करने के निर्देश भी दिए गए हैं। एक दिन पहले जो बैठक हुई थी उन अध्यक्षों को श्रेणी सुधार का मौका दिया गया है।




## भाजपा मंडलों की कई संगठन मुद्दों पर चर्चा और दिशा-निर्देश

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। भाजपा जिला अध्यक्ष श्रवणसिंह चावड़ा ने चारों ग्रामीण मंडल की मासिक बैठक कल जिला प्रभारी शैलेन्द्र डागा की मौजूदगी में आयोजित की। किए गए कार्यों की समीक्षा और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा भी बताई। संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती, हर घर तिरंगा अभियान तथा 16 अगस्त से प्रारंभ होने वाली कलश रथ यात्रा सहित विभिन्न कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। भारतसिंह चौहान, सुभाष चौधरी, दिलीप चौधरी, अंतर दयाल, सुरेशसिंह धनखेड़ी, रीना सतीश मालवीय, संदीप चंगेडीया, शिवपालसिंह चावड़ा, तूफानसिंह पंवार, रवि बाजपेई, विष्णु चौधरी, विनोद चंदानी, लोकेंद्रसिंह पंवार, रवि जैन, सुभाष पाटीदार, अभिलेश ठक्कर एवं मंडल पदाधिकारी, मोर्चा प्रकोष्ठों के पदाधिकारी शक्ति केंद्रों की टोली सहित अन्य मौजूद थे।

## कांग्रेसियों ने रौंपे पौधे



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। विधानसभा 4 के वार्ड 65 में पूर्व कांग्रेस संभागीय प्रवक्ता सन्नी राजपाल ने वार्ड 65 में पौधारोपण का आयोजन किया। इन पौधों को बड़ा करने का संकल्प भी लिया गया। सन्नी राजपाल, देवेंद्र सिंह यादव, गिरीश चितले, दीपक मलोरिया, कमलेश पाठक, जतिन थोरात, बबलू बेजोड़, पीके उपाध्याय, सुनीलसिंह अवधिया, लवेश यादव, रूपेश ठाकुर, मनजीतसिंह माखीजा, निलेश गौसर, विलियम संदवाने, छोटू सहित अन्य मौजूद थे।

## कांग्रेसियों का पैदल मार्च और नुक्कड़ सभा

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। निगम परिषद में 4 साल को लेकर कांग्रेस ने इन 4 सालों को असफल बताया और कांग्रेस के कार्यवाहक अध्यक्ष देवेंद्रसिंह यादव, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राहुल धाकरे के नेतृत्व में पैदल मार्च नुक्कड़ सभा का आयोजन किया। यादव और धाकरे ने कहा कि इन 4 सालों में दूषित पानी, गड्ढा, लोगों को बीमार करने, घोटाला करने और जनता पर टैक्स बढ़ाने का ही काम हुआ है। देवेन्द्रसिंह यादव, सन्नी राजपाल, राहुल धाकरे, नीलेश सेन शैलू, रोहित जोशी,



विशाल चतुर्वेदी, दीपक मलोरिया, लवेश यादव, कमलेश पाठक, नीतेश भारद्वाज, निखिल वर्मा, सुनीलसिंह अवधिया, पीके उपाध्यक्ष, संजय शुक्ला, अख्तर जावेद, कमलेश पाठक, संजय यादव, कमल बघाल, दिनेश तंवर, श्याम यादव, अलीम शेख, लतीफ शाह, अशोक चौधरी, गोविंद शर्मा, चंदन सोनकिया, शहजाद हुसैन, दीपक अवस्थी, नियाज पटेल, राजा खान, बरकत खान, मथुरा सागर, प्रतीक मित्तल, निलेश गोजर, सावन सिलावट, नितेश भारद्वज, यशपाल गहलोत, लक्ष्मण खत्री, रविकांत सैनी मौजूद थे।



## विधायक ने शुरू कराया सेवा शिविर

### कावड़ यात्रियों के लिए ओम महाकाल सेवा शिविर

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। वर्ल्ड हिन्दू फेडरेशन ने ओंकारेश्वर, खेड़ीघाट और मंडलेश्वर से महाकालेश्वर तक श्रावण मास में जाने वाले कावड़ यात्रियों की सेवा के लिए तेजाजी नगर, खंडवा रोड पर ओम महाकाल कावड़ सेवा शिविर की स्थापना की गई है जिसका शुभारम्भ विधायक मधु वर्मा, कृष्णा सिंह, रवि रावलिया, संजय अग्रवाल, मुरली व्यास, गणपतसिंह गौर, संदीप बिजोरिया, खेमराज बरोड़, पन्नालाल केलवा, रामेश्वर बीना, शांतिलाल उपाध्याय की मौजूदगी में किया गया।

## भाराछासं पदाधिकारियों ने की छात्रसंघ चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से कराने की मांग



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। न्यायालय द्वारा लंबे समय से लंबित छात्रसंघ चुनाव संपन्न कराने संबंधी दिए गए निर्देशों का भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन भाराछासं ने स्वागत किया। यह निर्णय प्रदेश के लाखों विद्यार्थियों के लोकतांत्रिक अधिकारों की महत्वपूर्ण जीत है तथा छात्र राजनीति को पुनः सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। यह बात इंदौर प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता में एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष विक्रम सिंह सचान एवं पूर्व जिला अध्यक्ष रजत पटेल ने कही। उन्होंने कहा कि न्यायालय के स्पष्ट निर्देशों के बाद अब राज्य सरकार का दायित्व है कि छात्रसंघ चुनाव शीघ्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं लोकतांत्रिक वातावरण में संपन्न कराए जाएं, ताकि विद्यार्थियों को अपने प्रतिनिधि चुनने का संवैधानिक एवं लोकतांत्रिक अधिकार प्राप्त हो सके। संगठन का स्पष्ट मानना है कि छात्रसंघ लोकतंत्र की प्रथम पाठशाला है। जब विद्यार्थी अपने प्रतिनिधियों का चयन सीधे मतदान के माध्यम से करते हैं, तब लोकतांत्रिक मूल्यों को वास्तविक मजबूती मिलती है। इस दौरान भाराछासं के शुभम दरबार, राजवीर लाखा, प्रदेश सचिव ओम दांगी, प्रिंस हार्डिया मौजूद थे।



## सांसद रहे मंडल स्थापना दिवस में मौजूद

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

अखिल एकता उद्योग व्यापार मंडल के स्थापना दिवस कार्यक्रम में सांसद शंकर लालवानी और संस्था के संजय मिश्रा, धर्मेश जागीरदार मौजूद थे। इस दौरान जनसम्पर्क अभियान भी चलाया। उद्योगपति और व्यापारियों से मुलाकात भी की गई। जागीरदार और मिश्रा ने सांसद लालवानी को मिठाई भी खिलाई।

# भाजपा परिषद ने 4 साल में इंदौर को बर्बाद कर दिया- कांग्रेस

**घोटालों में दोषियों को नहीं मिली सजा, शहरहित में शासन के समक्ष आवाज नहीं उठा सके, नागरिकों की मौत के जिम्मेदारों को भी बचाने का काम किया**

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

आज शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे और निगम में नेताप्रतिपक्ष सोनिला मिमरोट ने मीडिया से चर्चा में कहा कि नगर निगम की भाजपा की परिषद ने इन 4 सालों में इंदौर को बर्बाद करने का काम किया। इस कार्यकाल में कई घोटाले हुए, किसी भी घोटाले के दोषी को सजा दिलवा सके ना ही उस मुद्दे पर कोई ठोस कदम उठा सके। चौकसे और मिमरोट ने कहा कि इस परिषद के कार्यकाल की शुरूआत में बेलेश्वर धाम में हादसा हुआ, इस हादसे में 36 श्रद्धालुओं की मौत हुई थी। इस घटना में केवल इंजीनियरों को निलंबित किया गया था और बाद में उन्हें बहाल करते हुए अच्छी पोस्टिंग दी गई। निगम ने मृतकों के परिजनों को कोई आर्थिक सहायता नहीं दी और ना ही निगम में कोई नौकरी दी। इसी परिषद के कार्यकाल में दूषित पानी की घटना भागीरथपुरा में हुई, जिसमें 36 लोगों की मौत हुई और इस घटना में निगम ने अधिकारी और कर्मचारियों को जिम्मेदार ही नहीं माना। दोनों कांग्रेस नेताओं ने इसके लिए महापौर और उनकी निगम परिषद को दोषी माना। महापौर पुष्यमित्र भार्गव पर कांग्रेस ने आरोप लगाया कि वे अपने कार्यकाल के दौरान इंदौर हित के लिए प्रदेश सरकार के समक्ष आवाज भी नहीं उठा सके, जबकि नगर निगम को चुंगी क्षतिपूर्ति और स्टाम्प ड्यूटी व प्रवेश कर के 600 करोड़ से ज्यादा लेना बाकी है फिर भी महापौर मुख्यमंत्री के समक्ष पैसों को लेकर कोई बात नहीं करते हैं, जबकि नगर निगम आर्थिक कंगाली के दौर से गुजर रहा है। इंदौर के व्यवस्थित विकास के लिए इंदौर का मास्टर प्लान अटका हुआ है और महापौर भोपाल जाकर भी खामोश रहते हैं। निगम और गृह निर्माण मंडल की भागीदारी से हुकुमचंद मिल की जमीन पर होने वाले विकास की फाइल भी महीनों से बंद पड़ी है और भोपाल जाकर महापौर इस मुद्दे पर भी कुछ नहीं बोलते हैं। इंदौर मेट्रो पोलिटन सिटी के प्रस्ताव में पहले उज्जैन शब्द जोड़ा गया और महापौर खामोश रहे। इसी कार्यकाल में 20 साल से विद्यार्थियों, बुजुर्गों, दिव्यांगों को सिटी बस के मासिक पास में रियायत मिल रही थी उसे भी बंद किया गया। झांकी निर्माण में आर्थिक सहयोग निगम देता था उसे भी इस साल बंद किया गया। जनता के हित और शहर की परम्परा के काम को भी बंद करने का काम महापौर और परिषद ने किया है। निगम भ्रष्टाचार के गढ़ के रूप में स्थापित हो गया है। बगैर रिश्वत दिए कोई काम नहीं होता है। बड़े अधिकारियों ने निगम में बैठना बंद कर दिया है। बड़े अधिकारी सिटी बस कम्पनी के कार्यालय या स्मार्ट सिटी कार्यालय में जाकर बैठते हैं और निगम में आम नागरिक के अलावा पार्षद भी परेशान होते हैं, क्योंकि इनकी बात कोई सुनने वाला नहीं है। चौकसे और सोनिला मिमरोट ने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा के इस परिषद के कार्यकाल को घोटाले वाले कार्यकाल के रूप में पहचाना जाएगा। ड्रेनेज घोटाला जो 1 हजार करोड़ का था उसे जांच के बाद कथित तौर पर 100 करोड़ का घोटाला में समेटने की कोशिश की। इस घोटाले के मुख्य जादूगर सामने आज तक भी नहीं आए हैं, जबकि दावा किया गया था कि जिम्मेदार अधिकारियों से घोटाले की राशि वसूली जाएगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। पुलिस ने भी जांच ठंडे बस्ते में डाली। नामांतरण घोटाला भी सामने आया है। अभी भी किसी को उसमें सजा नहीं हुई है। इस घोटाले में 560 व्यक्तियों के खून-पसीने की कमाई की सम्पत्ति का मालिक दूसरे व्यक्ति को बना दिया गया है। नए मालिकों ने 51 सम्पत्ति को बेच भी दिया है। चौकसे और मिमरोट ने कहा कि उज्जैन में विकास कार्य को लेकर रोड चौड़ीकरण में गाइड लाइन के अनुसार मुआवजा देने का प्रावधान क्रिया गया है, लेकिन इंदौर के लिए रोड चौड़ीकरण में कोई मुआवजा का प्रावधान नहीं किया गया है। छावनी, जिंसी और जूना रिसाला के रहवासी जो 50 से 100 साल पुराने मकान में रह रहे थे, नुकसानी से परेशान है। यहां भी मुआवजा मिलना चाहिए। सड़कों का पेंचवर्क तक नहीं हो रहा है, कई सड़कों की हालत खराब है। जहां फ्लाय ओवर ब्रिज बन रहे हैं वहां की सर्विस रोड की हालत खराब है। महापौर ने सराफा चौपाटी को नया रूप देने का वादा किया था, जांच कमेटी भी बनाई और जांच का सिलसिला चला, लेकिन नतीजा ठीक नहीं आया। इस साल गर्मी में जनता ने पेयजल संकट जबर्दस्त भुगता लोगों ने निजी टैंकर से बड़ी राशि देकर पानी खरीदा, शहर में गंदे पानी की समस्या बनी हुई है, कर बढ़ाए गए हैं, निगम अधिकारी चालान बनाने, सम्पत्ति कुर्क करने, सील लगाने की धौंस देकर जनता को परेशान कर रहे हैं, इन्हीं जनता ने वोट देकर भाजपा की परिषद बनाई क्या यही उनका गुनाह है।

निगम को आए दिन वेतन बांटने के लिए बैंक से ओवर ड्राफ्ट लेना पड़ता है। ग्रीन बांड जारी कर सोलर प्लांट स्थापित किया गया, जबकि बड़ा दावा किया था और बिजली के बिल में मात्र 45 लाख रु. प्रतिमाह की कमी आई। ठेकेदारों के 800 करोड़ रुपया निगम पर बकाया है। निगम बकाया राशि ठीक से नहीं दे रहा है, इसलिए ठेकेदारों ने भी काम करना बंद कर रखा है या ठीक से काम नहीं कर रहे हैं। निगम ने विकास के नाम पर हजारों पेड़ काटे और अब पौधे लगाने का शोर मचाया जा रहा है। 4 साल में जो पौधे लगे उनमें कितने जीवित है, इनका हिसाब नहीं है, उन पर खर्च कितना किया गया वह श्वेत पत्र जारी कर बताना चाहिए। निगम ने डिजिटलाइजेशन के नाम पर जनता के साथ मजाक किया, जबकि निगम का पूरा काम शासन के पोर्टल से चलता है। शहर की सड़कों पर जगह-जगह कचरा फैला हुआ है, खाली प्लाट पर कचरे के ढेर लगे हुए हैं। निगम ने मास्टर प्लान की 23 सड़कों का निर्माण काम हाथ में लिया, लेकिन कालोनी, गली, मोहल्लों की सड़कों की हालत खराब है। इंदौर में यातायात की स्थिति काफी खराब है, शाम को जाम लगता है जरा-सा पानी गिरने पर सड़कों पर पानी भराता है, इससे और जाम की स्थिति बनती है। सरकारी स्कूलों के भवन की मरम्मत भी निगम नहीं कर पा रहा है। अधिकारियों की मिली भगत के कारण सरकारी स्कूलों की बिल्डिंग में निजी संस्थाओं के द्वारा प्रशिक्षण क्लास का संचालन कर व्यापार किया जा रहा है। बीआरटीएस कारिडोर, महापौर इंटर्नशिप योजना, स्वास्थ्य एवं महिला सशक्तिकरण, युवा प्रशिक्षण, अवैध वृद्ध आश्रम, सामुदायिक भवन, योग भवन, श्रमिक कल्याण योजना, रीजनल पार्क, बिजासन माता टेकरी, मेघदूत उपवन, नेहरू पार्क, स्विमिंग पूल, अटल खेल संकुल, बगीचा, ओपन जिम, संजीवनी क्लिनिक के मुद्दे भी कांग्रेस ने उठाए। आज मीडिया से चर्चा में कई तरह के आरोप शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे और निगम में नेताप्रतिपक्ष सोनिला मिमरोट ने उठाए, जो प्रकाशित किया गया।

## शिकायत के बाद कांग्रेस के सभी प्रकोष्ठ एवं विभाग भंग

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

प्रदेश में 39 प्रकोष्ठ और समन्वय प्रकोष्ठ में 7 समाजों के अन्तर्गत जिम्मेदारी चल रही थी। प्रकोष्ठ और विभाग को कल हरीश चौधरी ने भंग कर दिया और लिखा कि अ.भा. कांग्रेस कमेटी के निर्देश और संगठनात्मक पुनर्गठन के अन्तर्गत गठित सभी विभाग, प्रकोष्ठ और उनकी समस्त स्तर की इकाइयों को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया गया है। जिसकी जानकारी उन्होंने दिल्ली-भोपाल तक दे दी। हरीश चौधरी के पत्र के बाद प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संगठन महामंत्री डॉ. संजय कामले ने भी बयान जारी किया और प्रकोष्ठ, विभाग व इकाइयों को भंग करने की पुष्टि की। कामले ने पटवारी का हवाला भी दिया और कहा कि पटवारी का मानना है कि संगठन सृजन का कार्य चल रहा है और संगठन को अधिक मजबूत, सक्रिय बनाने के लिए विभाग और प्रकोष्ठों का नए सिरे से गठन होगा। संगठन को बूथ स्तर तक और मजबूत किया जाएगा। कामले ने कहा कि अब जल्द ही इन विभाग और प्रकोष्ठों में संगठनात्मक पुनर्गठन की प्रक्रिया की जाएगी और गठन कर घोषणा की जाएगी। इधर कांग्रेस के राजनीतिक जानकार सूत्रों का मानना है कि प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों की शिकायतें प्रदेश स्तर से लेकर जिला और शहर स्तर तक आ रही थी और कुछ तो अपने आपको प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के समतल मानने लगे थे। यही स्थिति शहर-जिला प्रकोष्ठ अध्यक्षों की होने लगी थी, वे बगैर मुख्य कांग्रेस के शहर-जिला अध्यक्ष से पूछे नियुक्तियां भी कर रहे थे, यही स्थिति प्रदेश में भी नियुक्तियों में थी। कुछ जगह पर आर्थिक लेन-देन की शिकायतें भी आई थी और कुछ जगह मुद्दा यह उठा था कि कमलनाथ के समय के लोग इन विभाग और प्रकोष्ठ में उपकृत है, उन्हें हटाना भी राजनीतिक रूप से मकसद इन प्रकोष्ठ और विभाग को भंग करने का बताया गया है। कुल मिलाकर नगर निगम और निकाय चुनाव अगले वर्ष जुलाई में हैं उस कारण भी संगठन को मजबूत करने का हवाला दिया गया है। सूत्रों का यह भी कहना है कि अब कांग्रेस के मोर्चा पर भी ध्यान दिया जाएगा, कई निष्क्रिय अध्यक्ष और कुछ की इकाइयों को भी बदला जाएगा। बताया यह भी गया है कि उमंग सिंघार की अध्यक्षता में बनाई गई आदिवासी मामलों की कमेटी एवं प्रियव्रत सिंह के नेतृत्व में बनाई गई युवा मामलों की कमेटी बनी रहेगी। वहीं अल्पसंख्यक कांग्रेस, एससी कांग्रेस, आदिवासी कांग्रेस, मीडिया विभाग समेत करीब 40 से ज्यादा विभाग पूरी तरह भंग कर दिया गया है।

**जिम्मेदार बोले संगठन सृजन अभियान के अन्तर्गत अब बूथ स्तर तक ले जाएंगे नए सिरे से संगठन, दूसरे बोले नाथ के समय के**



**महापौर कार्यकाल के चार वर्ष पूर्ण होने पर कमल फूलों से सम्मान**

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। महापौर पुष्यमित्र भार्गव के महापौर बनने के चार वर्ष पूर्ण होने पर जहां महापौर द्वारा भी चार वर्षों की उपलब्धि बताई, वहीं समर्थकों ने भी इन चार वर्षों को सफल बताकर महापौर सचिवालय पर कमल फूलों से उनका सम्मान कया।**



## विधायक, पार्षद और भाजपाई रहे मौजूद

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। भाजपा विधानसभा 5 के शिवाजी मंडल में हुई मासिक बैठक में भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, विधायक महेन्द्र हार्डिया, पार्षद महेश बसवाल, उमेश मंगरोला, नेहा शर्मा, कपिल पाण्डे, महेश जोशी सहित अन्य ने किए गए कार्य और आगामी कार्य पर भी चर्चा की गई।

## कांग्रेस सहप्रभारी नायडू दो दिनों तक लेंगी बैठक

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी उषा नायडू गांधी भवन में कल 7 और 8 अगस्त को बैठक लेंगी। इंदौर के 85 वार्डों में से करीब 18 वार्डों में शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने वेरिफिकेशन कर पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र दे दिए हैं। इन 18 वार्डों के पदाधिकारियों के साथ दो दिन में नायडू बैठक करेंगी। बताया गया कि दोनों दिन 9-9 वार्डों के पदाधिकारियों की बैठक होगी। वहीं एक दिन भाराछासं और एक दिन युवक कांग्रेस के पदाधिकारियों के साथ भी उषा नायडू की बैठक होगी। बैठक में शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे, संगठन महामंत्री संजय बाकलीवाल भी मौजूद रहेंगे। वार्ड अध्यक्ष, प्रभारी, महिला प्रभारी और जिन वार्डों की बैठक होना है उनके विधानसभा प्रभारी भी मौजूद रहेंगे।

राजनीतिक खबरें देखें पेज 5 पर भी

# महापौर ने 2 घंटे बच्चों के साथ क्रिकेट खेला

## इसके बाद युवाओं से की देश के हालात पर बात

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि



**महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने चाणक्यपुरी चौराहा पर युवाओं के साथ क्रिकेट खेला और फिर उनसे देश और शहर के मुद्दों पर बातचीत की।**

दिल्ली के जंतर मंतर पर युवाओं और छात्रों के द्वारा किया गया आंदोलन के बाद भाजपा के द्वारा अपने सभी नेताओं को यह संदेश दिया गया है कि वह जाकर युवाओं से बातचीत करें और हमें इन युवाओं को केवल योजनाओं का लाभार्थी नहीं, बल्कि विकास का साझेदार बनाना है। संगठन से मिले इस संदेश के आधार पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव बुधवार देर शाम को युवाओं के बीच पहुंचे। उन्होंने करीब दो घंटे तक युवाओं के साथ खुला संवाद किया, क्रिकेट खेला और उनके सपनों, चुनौतियों तथा शहर से जुड़ी अपेक्षाओं को समझने का प्रयास किया।

इस संवाद में महापौर ने युवाओं के साथ सहज माहौल में समय बिताया। खेल के दौरान भी बातचीत का सिलसिला जारी रहा, जिसमें शिक्षा, रोजगार, स्टार्टअप, खेल, तकनीक और शहर के भविष्य जैसे मुद्दों पर युवाओं ने खुलकर अपनी राय रखी। भार्गव ने कहा कि भारत दुनिया के सबसे युवा देशों में है और यही युवा शक्ति आने वाले भारत की सबसे बड़ी पूंजी है। यदि युवाओं के विचारों को सुना जाए और उन्हें निर्णय प्रक्रिया में सहभागी बनाया जाए, तो विकास अधिक प्रभावी और दूरगामी होगा। जनप्रतिनिधियों का दायित्व केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि युवाओं के बीच जाकर उनकी सोच और अपेक्षाओं को समझना भी है। महापौर ने कहा कि इंदौर का भविष्य उसके युवाओं की ऊर्जा, नवाचार और भागीदारी पर निर्भर है। इसी उद्देश्य से युवाओं के साथ निरंतर संवाद की यह पहल आगे भी जारी रहेगी, ताकि शहर के विकास की दिशा उनकी आकांक्षाओं के अनुरूप तय की जा सके।

# गारमेंट व्यापारियों ने निर्धारित किया किन्नरों का नेग

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**रक्षाबंधन और होली पर 200, तो दीपावली पर देंगे 500रु.**

किन्नरों द्वारा रक्षाबंधन, होली और दीपावली पर्व पर व्यापारिक क्षेत्रों में नेग लेने की कई वर्ष पहले से परम्परा चली आ रही है। कई बाजारों में तो व्यापारियों ने निर्धारित राशि देने की ठान रखी है। वहीं कई बार नेग को लेकर विवाद की स्थिति भी बन जाती है। इन्दौर रिटेल गारमेंट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने नंदलालपुरा के दोनों किन्नर समूहों से नेग को लेकर चर्चा की और प्रति दुकान रक्षाबंधन और होली पर 200 रुपये एवं दीपावली पर 500 रुपये नेग की राशि निर्धारित की है। किन्नर समुदाय ने भी निर्धारित नेक राशि लेकर दुकानदारों को आशीर्वाद देने और शांति बनाए रखने की बात कही है। किसी भी विवाद या अप्रिय स्थिति से बचने के लिए एसोसिएशन की यह सकारात्मक पहल है। उल्लेखनीय है कि नंदलालपुरा चौराहा पर रहने वाले किन्नरों के दो समूह व्यापारिक क्षेत्र में नेग लेने पहुंचते है। इसलिए गारमेंट व्यापारी एसोसिएशन ने दोनों समूह से समन्वय बनाया है।

# माणिकबाग चौराहा को मेजर हमजा आरिफ चौराहा करने की उठी मांग

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

धनवंतरी नगर में रहने वाले मेजर हमजा आरिफ की बीते दिनों जेसलमेर में सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। उनका पार्थिव देह का अंतिम संस्कार इंदौर में ही किया गया। अब सामाजिक कार्यकर्ता ने माणिकबाग चौराहा का नाम मेजर हमजा आरिफ चौराहा करने की मांग की है। सुबुर अहमद गौरी ने सोशल मीडिया पर अपील की है कि चौराहा का नाम बदला जाना चाहिए, जिससे वीर सपूत के नाम पर सार्वजनिक स्थल हो और यह ना केवल उनके बलिदान को श्रद्धांजलि है बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत भी है। इसके अलावा बीते कुछ दिनों से सोशल मीडिया पर एक अन्य मुद्दा भी चर्चा का विषय बना हुआ है। दरअसल मेजर हमजा आरिफ के अंतिम संस्कार में कोई भी शहर का जनप्रतिनिधि मौजूद नहीं था। इसको लेकर भी अब सोशल मीडिया यूजर्स अलग-अलग प्रतिक्रिया दे रहे हैं, लोग जनप्रतिनिधियों को समय नहीं होने का हवाला देते हुए लपेट रहे हैं।

# अब इंदौर के गरीबों को रिजर्व बैंक देगा डिजिटल रुपया

## इस डिजिटल रुपया से राशन की दुकान पर जाकर ले सकेंगे सामान

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। अब इंदौर के गरीब नागरिकों को रिजर्व बैंक के द्वारा डिजिटल रुपया दिया जाएगा। इस डिजिटल रुपया के माध्यम से यह नागरिक राशन की दुकान पर जाकर सामान ले सकेंगे। इस नई व्यवस्था को जल्द ही लागू किया जा रहा है।**

मप्र की सार्वजनिक वितरण प्रणाली में बड़ा बदलाव होने जा रहा है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को अब पारंपरिक व्यवस्था के बजाय भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की 'सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी' (सीबीडीसी) यानी डिजिटल रुपये के माध्यम से राशन उपलब्ध कराया जाएगा। भारत सरकार ने इस महत्वाकांक्षी पायलट प्रोजेक्ट के लिए प्रदेश के भोपाल और इंदौर शहर का चयन किया है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग का लक्ष्य दिसंबर 2026 तक इन शहरों की सभी उचित मूल्य दुकानों पर यह व्यवस्था पूरी तरह लागू करने का है।

विभाग के मुताबिक इस योजना के तहत हितग्राहियों को हर महीने उनकी खाद्यान्न पात्रता के अनुसार डिजिटल 'सीबीडीसी टोकन' सीधे उनके मोबाइल डिजिटल वॉलेट में भेजे जाएंगे। राशन लेने के लिए लाभार्थी को दुकान पर उपलब्ध क्यूआर कोड स्कैन करना होगा, जिसके तुरंत बाद पात्रता अनुसार गेहूं और चावल मिल जाएगा। इस पारदर्शी प्रक्रिया के तहत सब्सिडी का दुरुपयोग रुकेगा, क्योंकि डिजिटल टोकन का उपयोग केवल राशन खरीदने के लिए ही संभव होगा। योजना के बेहतर संचालन के लिए लाभार्थियों का आधार सत्यापन, ई-केवाईसी और पंजाब नेशनल बैंक के डिजिटल रुपया ऐप पर रजिस्ट्रेशन कराया जा रहा है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली को आधुनिक रूप देने के लिए भारत सरकार के खाद्य विभाग, मध्यप्रदेश खाद्य विभाग, पंजाब नेशनल बैंक और एनआईसी सहित अन्य तकनीकी एजेंसियों ने संयुक्त कार्ययोजना तैयार की है। इसके तहत आयोजित बैठकों और वीडियो कॉन्फ्रेंस में डिजिटल प्रणाली के सफल क्रियान्वयन की रूपरेखा पर मुहर लगाई गई। खाद्य मामलों के विशेषज्ञों के अनुसार, यह नई पहल पीडीएस प्रणाली को पूरी तरह कैशलेस, पेपरलेस और पारदर्शी बनाएगी। इससे खाद्यान्न वितरण में गड़बड़ियों पर अंकुश लगेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि यह प्रयोग भविष्य में अन्य जन-कल्याणकारी योजनाओं में भी 'केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा' के उपयोग का नया रास्ता खोलेगा।

# बारिश नहीं होने से तेजी से चल पड़ा निगम का सड़कों का निर्माण कार्य

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**शहर के नागरिक परेशानी में लेकिन निगम को सड़क जल्दी बनने की उम्मीद जागी**

**इस बार बारिश नहीं होने के कारण शहर के नागरिक चाहे परेशान हो रहे हो लेकिन इस स्थिति का फायदा नगर निगम उठा रहा है। निगम के द्वारा मास्टर प्लान की सड़कों के निर्माण का जो कार्य शुरू किया गया है वह तेजी से चल पड़ा है। इस कार्य में बारिश के कारण पैदा होने वाली बाधा इस बार नहीं आ रही है।**

भारत सरकार से केंद्रीय सड़क निधि के अंतर्गत इंदौर नगर निगम को 465 करोड रुपए की राशि प्राप्त हुई है। इस राशि से नगर निगम के द्वारा इंदौर विकास योजना 2021 में प्रावधान की गई 23 सड़कों का निर्माण शुरू किया गया है। इन सड़कों के निर्माण के कार्य को नगर निगम के द्वारा चार पैकेज में बांटा गया है। हर पैकेज का ठेका अलग ठेकेदार कंपनी को दिया गया है। ऐसा करने के पीछे नगर निगम का मकसद पहले से ही यह स्पष्ट था कि हमें इन सड़कों का निर्माण तेज गति से जल्दी करवाना है। यही कारण है कि नगर निगम के द्वारा चार अलग-अलग ठेकेदार कंपनियों को काम देकर मैदान में उतारा गया है। इस समय तक नगर निगम इन 23 सड़कों में से 16 सड़कों का निर्माण शुरू कर चुका हैं। जब नगर निगम के द्वारा इन सड़कों के निर्माण के कार्य को शुरू करवाया गया था उस समय पर निगम ने अपनी योजना में ही यह तथ्य रखा था कि बारिश के मौसम में तेज बारिश होने से निर्माण का कार्य नहीं हो सकेगा। इस तरह से करीब 3 महीने तक निर्माण कार्य बाधित रहेगा। जिन सड़कों का निर्माण चल रहा था वहां भी ठेकेदार को नगर निगम के द्वारा बारिश का मौसम शुरू होने से पहले यह चेतावनी दे दी गई थी कि जल्दी से काम को समेट लो अन्यथा तेज बारिश हो जाएगी तो फिर मुश्किल आ जाएगी।

अब इस साल अभी तक एक बार भी तेज बारिश नहीं हो पाई है। इंदौर में औसत बारिश भी नहीं हो पा रही है। अब तक हुई 15 इंच बारिश से इंदौर का कोई काम नहीं होना है। सावन का महीना लग जाने के बावजूद अभी तक बारिश नजर नहीं आ रही है। हर दिन आसमान पर काले बादल तो आते हैं, हवा भी चलती है लेकिन उसके बाद पानी नहीं आता है। इस स्थिति को देखते हुए जहां नागरिक कम वर्षा की स्थिति होने की चिंता कर रहे हैं। वही नगर निगम के लिए यह हालात भी सौगात बन गए हैं। निगम के अधिकारियों का मानना है कि पानी नहीं गिरने से सड़क के निर्माण की साइट में कोई बाधा नहीं आ रही है। इसके चलते हुए जिन सड़कों का निर्माण शुरू किया गया था उन सड़कों का काम तेज गति से चल रहा है। बारिश के ना आने से पैदा हुई स्थिति नगर निगम के लिए फायदे का सौदा बनती हुई नजर आ रही है। इस स्थिति के चलते हुए नगर निगम के सड़कों के निर्माण के कार्य में जोरदार तेजी आ गई है। इसके परिणाम स्वरुप कुछ सड़कों का निर्माण अपनी निर्धारित अवधि से कम समय में जल्दी पूरा हो जाएगा। इस तरह से एक तरफ की चिंता में दूसरी तरफ का फायदा भी नजर आने लगा है।

# भाजपा ने की दो प्रकोष्ठों में नियुक्तियां कल कांग्रेस ने सारे प्रकोष्ठ किए भंग

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** कई आरोपों के चलते कांग्रेस आलाकमान ने प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी के माध्यम से प्रदेश के सभी प्रकोष्ठों को भंग कर दिया। कांग्रेस ने जहां प्रकोष्ठों को भंग किया वहीं भाजपा ने कल ही प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति से भाजपा खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक ने 20 भाजपाइयों को प्रकोष्ठ में प्रदेश सहसंयोजक, कार्यालय प्रभारी, सहप्रभारी, मीडिया प्रभारी, मीडिया सहप्रभारी, सोशल मीडिया प्रभारी, सोशल मीडिया सहप्रभारी, शासन की योजना प्रचार-प्रसार में प्रभारी एवं सहप्रभारी बनाए। वहीं दिव्यांगजन कल्याण प्रकोष्ठ में भी कल भाजपा ने प्रदेश भर के 14 भाजपाइयों के पद की नियुक्तियां की और दोनों प्रदेश संयोजकों ने यह नियुक्तियां प्रदेश भाजपा अध्यक्ष की स्वीकृति के बाद ही की है, दोनों में बची हुई नियुक्तियां और जारी की जाएगी।

# सात राज्यों के डीजीपी की कल होगी बैठक

## *13वीं पुलिस कॉडिनेशन कांफ्रेंस में शामिल होंगे पुलिस अफसर*

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** पश्चिम झोन के सात राज्यों के डीजीपी और केन्द्र शासित राज्य के आईजी कल बैठक करेंगे। यह देशभर में 13वीं पुलिस कॉडिनेशन कांफ्रेंस है। कांफ्रेंस में संगठित सायबर फ्राड, ड्रग्स नेटवर्क और अन्य राज्यों से फरारी काटने वाले बदमाशों की धरपकड़ मामलों में चर्चा की जाएगी। कांफ्रेस का आयोजन ब्रिलियंट कन्वेंशन सेन्टर में होगा। प्रदेश के पुलिस कप्तान भी इस बैठक में शामिल होंगे।

## यह कैसा सफाई सिस्टम ?

# जहां सुधार के बजाए निगमकर्मी शिकायतकर्ता और संबंधित को कर देते हैं आमने-सामने

### शिकायतें बंद करने के लिए खेला जाता है यह खेल ताकि दोबारा नहीं करे आमजन शिकायत

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

शिकायतों का आंकड़ा नहीं बढ़े और शिकायतें नहीं हो, लोग सवाल नहीं उठाएं इसके लिए नगर निगम के कर्मचारी इन दिनों अलग-अलग तरीके अपना रहे जहां शिकायत करने वाले पर ही सवाल खड़े करने की कोशिश नगर निगम के कर्मचारी करते हैं। ऐसा अधिकतर स्वास्थ्य विभाग से जुड़ी शिकायतों में किया जा रहा है, खासकर गंदगी और कचरा फैलाने जैसी शिकायतों को लेकर सवाल पूछने वालों से संबंधित विभाग के कर्मचारियों को आमने-सामने कराकर विवाद खड़ा करने की कोशिश की जाती है। जबकि शिकायत होने के बाद निगम कर्मचारियों की कोशिश उसके सुधार की ओर होनी चाहिए।

ताजा मामला जोन क्रमांक 7 के वार्ड 34 की शिकायत का है, यहां पर एनजीओ के कुल 30 कर्मचारी तैनात हैं जिनका काम कचरा गाड़ी के साथ हर दिन कचरे की मॉनिटरिंग करना है कि घर से कचरा दिया जा रहा है या नहीं उसकी रिपोर्ट तैयार करके निगम को बताना है कि कौन से घरों से कचरा नहीं डाला जा रहा अगर इन घरों के लोग कचरा गाड़ी में कचरा नहीं दे रहे हैं तो इसका मतलब यह है कि कचरा खुले में फेंका जा रहा है। वार्ड क्रमांक 34 में आने वाली नई लोहा मंडी और आसपास रहवासी क्षेत्र में आइडिया के खुले प्लाटों पर कचरा फेंका जा रहा है, जहां बाउंड्री वॉल बनाई गई है वह प्लाट कचरे के डिब्बे की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है इसकी परवाह भूखंड स्वामी को है ना ही नगर निगम को। अधिकांश ऐसे प्लाट है जो आइडिया बेच नहीं सका है।।

ऐसी स्थिति में नगर निगम अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर खुले में कचरा फेंकने वालों की मॉनिटरिंग करनी थी कितने घरों से कचरा निकल रहा है और कचरा गाड़ी में डाला जा रहा है इसकी गंभीरता से समीक्षा की जानी थी लेकिन सीएसआई अनिल सिरसिया एनजीओ के कर्मचारी को शिकायतकर्ता के घर लेकर पहुंच गए।

इस दौरान शिकायतकर्ता के सामने उन्होंने एनजीओ के कर्मचारियों को लाकर खड़ा कर दिया और यह बताने का प्रयास किया कि कचरा गाड़ी पर रोज एनजीओ के कर्मचारी काम कर रहे हैं, लापरवाही कहीं भी नहीं है। जिस पर शिकायतकर्ता ने कहा कि यदि हर घर से कचरा उठ रहा है तो फिर खुले में कचरा कौन डाल रहा है। आइडिया के खाली प्लाटों को कचरा घर किसने बनाया? वही शिकायत के बाद नगर निगम को क्षेत्र में खुले में कचरा फेके जाने पर मॉनिटरिंग बढ़ानी थी लेकिन दोबारा शिकायत नहीं हो इसीलिए सीएसआई ने आमना सामना करवा दिया। साथ ही पूरे क्षेत्र में भवन निर्माण के बाद सीएनडी वेस्ट खाली प्लाटों पर फैला पड़ा हुआ है इसको लेकर सीएसआई ने कहा सीएनजी वेस्ट उठाना यह मॉनिटरिंग करना हमारी जिम्मेदारी नहीं है। नगर निगम में अक्सर शिकायतों को बंद करने के लिए यही तरीका अपनाया जाता है इसीलिए शहर की छवि धूमिल हो रही है कचरा खाली प्लाटों पर डंप हो रहा है कचरा फेंकने वालों पर सख्ती नहीं की जाती न ही चालानी कार्रवाई जिसके कारण यह स्थिति बन रही है। इसके अलावा सफाई की मॉनिटरिंग नगर निगम के सभी आयुक्त द्वारा की जाती थी लेकिन यह काम अब केवल सीएसआई के भरोसे छोड़ दिया गया है।

#### आमना सामना करने की बजाय सुधार के लिए यह कदम उठाए जाने चाहिए थे

- कचरा खुले में ना फेंका जाए इसके लिए डेली मॉनिटरिंग
- एनजीओ के कितने कर्मचारी गाड़ियों पर कितनी देर चल रहे हैं इस पर निगरानी।
- कितने घरों से कचरा गाड़ी में कचरा डाला जा रहा है इसकी डेली रिपोर्ट और एनालिसिस
- घरों की पहचान कर कचरा गाड़ियों में कचरा नहीं डालने की वजह और चालानी कार्रवाई।
- इसके बावजूद भी सुधार नहीं होने पर सीसीटीवी कैमरे से कचरा फेंकने वालों की मॉनिटरिंग।



## शौचालय निर्माण कार्य का भाजपाइयों ने किया भूमिपूजन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**वार्ड 78 स्थित ए.बी. रोड पर नागरिक सुविधाओं के विस्तार की दिशा में नवीन स्मार्ट शौचालय निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। विधायक मधु वर्मा, जोन अध्यक्ष एवं पार्षद ओमप्रकाश आर्य, मंडल अध्यक्ष नीरज नागदावाला, गोपाल खंडेलवाल लिटोरिया, महेश पांचाल सहित अन्य मौजूद थे।**

## सांसद सदानंदन मास्टर का व्यख्यान होगा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** सामाजिक संस्था 'सार्थक' से जुडे भाजपा नेता दीपक जैन टीनू ने बताया कि रविवार 9 अगस्त को 'संघर्ष से संसद तक - वैचारिक प्रतिबद्धता' विषय पर प्रेरक उदबोधन शिक्षाविद्, राष्ट्रचिंतक एवं राज्यसभा सांसद सी. सदानंदन मास्टर शाम 4 बजे से महात्मा गांधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय सभागृह, सुयश हॉस्पिटल के सामने, एबी रोड पर व्याख्यान देंगे।



## निगम परिषद के 4 साल पर जश्न

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

विधानसभा 5 के वार्ड 49 के महावीर नगर में विधायक महेन्द्र हार्डिया, एमआईसी सदस्य राजेश उदावत, भाजपा नेता शैलेन्द्र महाजन, होलासराय सोनी, मधुसूदन शर्मा, विक्रमसिंह शेखावत, राजा कोठारी,अभिषेक सोनी, विकास यादव, विश्वजीत चौहान, लता कैथवास, विनय बौरासी, विजय वर्मा, मनोज सिलावट, अशोक डांगी, के.के.गोयल, प्रमोद बिलाला, प्रवीण जैन, अरिहंत कंठालिया, कन्हैया जोशी, राकेश जैन, पदम मित्तल ने सफल 4 वर्ष का जश्न मनाया और विकास की सौगात भूमिपूजन कर दी।



## माहेश्वरी स्कूल में विद्यार्थियों के लिए क्लाउड पार्टी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** माहेश्वरी स्कूल ट्रस्ट द्वारा छत्रीबाग स्थित माहेश्वरी स्कूल में विद्यार्थियों के लिए क्लाउड पार्टी का आयोजन किया। मासूम विद्यार्थियों के लिए यह पार्टी यादगार बन गई। यह विद्यार्थी बादलों की वेशभूषा में रंग-बिरंगी छतरियों के साथ विद्यालय पहुंचे। नर्सरी विंग को विशेष बादलमय के रूप में सजावट की गई थी। स्विमिंग पूल में बच्चों ने कागज की नाव चलाई, अन्य गतिविधियां की गई। पॉपकार्न का वितरण भी हुआ। अध्यक्ष देवेन्द्र बाहेती ने बताया कि इस अवसर पर पश्चिमांचल के नवनिर्वाचित पदाधिकारी मधुसूदन भलिका, रूपेश भूतड़ा और जिला सभा उपाध्यक्ष अजय सारडा, प्राचार्य प्रतिभा कानूनगो, वंदना ओझा, शैलेष सोढानी, दिनेश कांसट भी मौजूद रहे।



## पूर्व विधायक की जन्म जयंती सेवा कार्य में मनाई

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** पूर्व विधायक, कुश्ती के भीष्म पितामह दादा रतन पाटोदी की जन्मतिथि पर परिजनों और निकट के लोगों ने रणजीत हनुमान मंदिर पर गोसेवा, शिक्षा सहयोग एवं अन्नदान किया। साथ ही जरूरतमंद बच्चों को कापी भी वितरित की गई।गौशाला में गाय को हरा चारा एवं गुड़ खिलाया गया। इस अवसर पर नकुल पाटोदी, महावीर जैन, शैलेंद्र सोगनी, गौरव पाटोदी एवं नीलेश सेठी सहित अन्य मौजूद थे। पूर्व विधायक रतन पाटोदी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई।

## सड़क चौड़ीकरण में कब्रिस्तान की जमीन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** पंचकुइया से राजनगर जाने वाले मार्ग पर कब्रिस्तान है और लम्बे समय से प्रयास किए जा रहे थे कि कब्रिस्तान की दीवार पीछे की ओर हो जाए, जिससे रोड चौड़ीकरण में लाभ मिले। इस मामले में कब्रिस्तान से जुड़ी कमेटी और मुस्लिम समाजजनों ने इस रोड चौड़ीकरण में सहयोग किया। क्षेत्रीय पार्षद ने भी खड़े रहकर इस दीवार को पीछे करवाने में कोशिश की और मुस्लिम समाजजनों का आभार भी जताया।





## राजस्व शिविर में पहुंचे विधायक

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** प्रशासन के राजस्व विभाग ने रंगवासा और पालिया हेदर में राजस्व शिविर लगाकर 400 से अधिक प्रकरणों का निराकरण किया। राऊ तहसील के ग्राम रंगवासा में राजस्व शिविर में विधायक मधु वर्मा भी पहुंचे। अधिकारी विजय नवजीवन पंवार, राजेशकुमार सिंह, गोविंदसिंह ठाकुर, लोकेन्द्रसिंह सरल, सत्येन्द्रसिंह गुर्जर सहित अन्य मौजूद थे।

# कसेरा बाजार स्कूल के विजेता विद्यार्थियों का सम्मान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

कसेरा बाजार विद्या निकेतन स्कूल स्कीम नं. 71 के विद्यार्थियों ने इंटर स्कूल बेसबॉल प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीता। इस जीत पर विद्यार्थियों, अध्यापकों की मौजूदगी में असेम्बली के अन्दर मंच से प्राचार्य वर्षा झंवर, उपप्राचार्य नेहा श्रीधर ने प्रबल खत्री, आर्यन श्रीवास्तव, अंश जैन, देवांक तेलंग, अंश सेंगर, वैदिक यादव, कृष्णा साहू को सम्मानित किया। अब



यह खिलाड़ी आगे छतरपुर, भोपाल और इंदौर में होने वाले खेल में भी जौहर दिखाएंगे। टीम के प्रशिक्षक अंकित जोशी और हिमांशु यादव थे।

## धावक जोशी को सम्मान में मिले 4.40 लाख





इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। इन्दौर से जुडे धावक कार्तिक जोशी का मुंबई में स्केचर्स इंडिया साउथ एशिया ने स्वागत किया और 4.40 लाख रुपए सम्मान के रूप में प्रदान किए। जोशी ने -11 डिग्री की बर्फानी ठंड में 47 डिग्री की भीषण गर्मी में 67 दिनों तक रोजाना 62 किलोमीटर की दूरी तय कर 4200 किलोमीटर दौड़कर इतिहास रचा।



## 60 छात्राओं ने सीखा भरतनाट्यम नृत्य

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। वरदा कला संस्थान द्वारा शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल चितावद आनंद नगर में दो दिवसीय भरतनाट्यम कार्यशाला आयोजित की गई। इस आयोजन में 60 से अधिक छात्रों ने सहभागिता कर भरत नाट्यम की विधा सिखी। छात्रों ने भरतनाट्यम का इतिहास,भूमिप्रणाम, अड्वु, पाद भेद,हस्त मुद्रा, ताल, लय, राग, के साथ ही शिव श्लोक अंगिकम भुवन यास्या वाचिकम पर नृत्य सीखा। शशिकांत जायसवाल, सुनीता पांडे, रूनू पवार, शिल्पी जैन, श्रुति शर्मा, संगीता व्यास, सुनीता का सहयोग मिला।

## क्यों रूठे हुए हैं मेघराज पर चर्चा कल शाम

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। संस्था सेवा सुरभि ने मालवांचल में रूठे हुए मेघराज और किसानों के माथे पर पानी की जगह पसीने की बूंदे टपकने के हालात पर चिंतन और मंथन करने के उद्देश्य से क़ल शुक्रवार 7 अगस्त को शाम 4.30 बजे से साउथ तुकोगंज, पंजाब अरोड़वंशीय भवन के सामने स्थित होटल पर पद्मभूषण डॉ. अनिल प्रकाश जोशी से आत्मीय वार्तालाप का कार्यक्रम संजोया है। ओमप्रकाश नरेडा, ओपी जोशी, अतुल शेठ, कुमार सिद्धार्थ, जनक पलटा, डॉ. सुधीन्द्र मोहन शर्मा, निकेतन सेठी, अनिल त्रिवेदी, डॉ. किशोर पंवार, डॉ. भोलेश्वर दुबे, डॉ. दिलीप वाघेला, पंकज कासलीवाल मौजूद रहेंगे।



## उमाकांत महाराज ने आश्रम पर किया सत्संग

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। गुरुदेव आश्रम नावदापंथ पर संत उमाकांत महाराज ने सार्थक उदबोधन दिया। बडी संख्या में अनुयायी मौजूद रहे।

## ब्राह्मण महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक होगी

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा की दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक 8 एवं 9 अगस्त को सनावद मार्ग स्थित नर्मदा प्लेस गार्डन ओंकारेश्वर में आयोजित होगी। हरिओम शर्मा, अनमोल तिवारी, रुद्र तिवारी ने बताया कि महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. गोपालदत्त शर्मा की मौजूदगी में कार्यक्रम का शुभारम्भ सुबह 8 बजे से होगा। बैठक के दौरान संगठन के सुदृढ़ीकरण एवं धार्मिक-सामाजिक विषयों से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

## मंगल मूर्ति की मातृशक्तियां हुई कावड़ यात्रा में शामिल

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। मंगल मूर्ति नगर रहवासी संघ से जुड़ी मातृशक्तियों ने देवगुरडिया के गुट्टकेश्वर महादेव मंदिर से खजराना महाकाली मंदिर कावड यात्रा में शिरकत की। भगवान जटाशंकर भोलेनाथ को पवित्र जल अर्पण किया। पूजन, अर्चन भी किया। ललिता-श्रवण वर्मा, अनिता पाटीदार, माया गौर, साधना पटेल, राधा चौहान, उषा पाटीदार, कीर्ति पाटीदार सहित सैकड़ों महिलाओं ने कावड़ उठाई।उक्त जानकरी श्रवण वर्मा दी।




## महिलाओं ने रोपे पौधे

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। मानवाधिकार विकास संगटन हरदा-इंदौर से जुड़ी मातृशक्तियों ने ग्रीन्स कालोनी के बगीचे में 21 पौधों का रोपण किया। चेतना जोशी, निशा जोशी, प्रीति भाटी, लवीना पानेरी, सुनीता कुशवाहा, प्रीति मातकर, मधु जोशी, चंद्रकला पुरोहित, मीना जोशी, सुनीता नामदेव, उषा जोशी मौजूद थी।

## ब्रोकर एसोसिएशन ने किया संतों का सम्मान

### भोज का आयोजन भी किया गया

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। इंदौर रियल एस्टेट ब्रोकर्स एसोसिएशन ने इस वर्ष भी सावन मास में अखंडधाम आश्रम बिजासन रोड पर वहां मौजूद सभी संत, महंत का सम्मान कर उनके लिए प्रसादी का आयोजन किया। एसोसिएशन के पदाधिकारी, सदस्य भी इस दौरान संतों के सम्मान और भोज में मौजूद रहे। स्वामी चैतन्य स्वरूप महाराज का भी स्वागत किया गया। संस्था के नरेन्द्र जैन भटेवरा,



पीयुष वाजपेयी, सत्यनारायण प्रजापत, प्रमोद द्विवेदी, प्रकाश राठी, अनिल शर्मा, अशोक रुपावत, अजय व्यास, प्रेम गुप्ता, अजय सोनी, रुपेश दवे, सचिन जैन, विजेन्द्र गुप्ता, दीपक नागर, राजेन्द्र नागर, भूपेश गुप्ता ने इस आयोजन में अपनी भूमिका निभाई। संजय शुक्ला, निरंजनसिंह चौहान, योगेश गेंदर, अश्विनी शुक्ला, दीपक जैन टीनू, योगेश कटारिया के अलावा सुनील जैन, अमर बजाज, मुन्ना साहू, धरमपाल साहू, लक्ष्मण कटारिया, कैलाश गोयल, दिलीप जैन सहित अन्य मौजूद थे।



## दशा नीमा मंडल में पदाधिकारी



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। दशा नीमा मंडल के चुनाव में अध्यक्ष कृष्णकुमार नीमा, मंत्री दिलीप नीमा के निवार्चन के बाद अनुराग नीमा सहित अन्य ने बधाई दी है।

## केशवाचार्य महाराज के चरण पूजन



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। श्री पद्मावती वेंकटेश देवस्थान विद्या पैलेस कॉलोनी एरोड्रम रोड पर स्वामी केशवाचार्य महाराज के चरण पूजन वंदन का कार्यक्रम रखा गया। गुरु चरण वंदना के बाद संत ने आशीर्वचन भी दिए। मनोहर सोनी, हरिकिशन साबू, सरला हेड़ा, राम हूरकट, हुकुमचंद भांगाडिया, हरकचंद बियानी, बंशीधर सोमानी, शारदा साबू, प्रदीप साबू, बलराम समदानी, राजू मंत्री, अक्षय काबरा, रमा शारदा, पदमा सोनी मौजूद थे।



## सोना धाकड़ का नाम इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज

### 11 घंटे 34 मिनट में मेहंदी कोन से 12.5 फीट लंबे कपड़े पर लिखी संपूर्ण हनुमान चालीसा, बनाई हनुमानजी की आकृति

देपालपुर (संदीप सेन)। देपालपुर विधानसभा के लिए गर्व का क्षण उस समय आया, जब ग्राम दौलताबाद (जिला इंदौर) की प्रतिभाशाली बेटी सोना धाकड़ ने इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज कर प्रदेश और क्षेत्र का मान बढ़ाया। सोना ने मेहंदी कोन की सहायता से सफेद कपड़े पर 11 घंटे 34 मिनट में 12.5 फीट लंबी और 2.83 फीट चौड़ी भगवान श्री हनुमान जी की आकर्षक एवं भव्य आकृति तैयार की। इतना ही नहीं, इसी कलाकृति में उन्होंने संपूर्ण हनुमान चालीसा भी अत्यंत सुंदर एवं कलात्मक शैली में अंकित की। उनकी यह अनूठी प्रस्तुति कला, श्रद्धा और समर्पण का उत्कृष्ट उदाहरण बन गई। इस विलक्षण उपलब्धि के लिए इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स ने सोना धाकड़ के नाम को आधिकारिक रूप से दर्ज किया है। यह उपलब्धि केवल उनके परिवार की ही नहीं, बल्कि पूरे ग्राम दौलताबाद, देपालपुर विधानसभा, इंदौर जिले और मध्य प्रदेश के लिए गर्व का विषय बन गई है।

## वैश्य सम्मेलन में 25 घटक समाजों के कई प्रत्याशी आएंगे

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। मप्र वैश्य महासम्मेलन द्वारा 25 से अधिक घटक समाजों के 30 वर्ष से अधिक आयु के विवाह योग्य अविवाहित प्रत्याशियों एवं विधवा-विधुर तलाकशुदा प्रत्याशियों के लिए सम्मेलन रविवार 27 सितम्बर को रवीन्द्र नाट्य गृह में आयोजित होगा। प्रदेश महामंत्री अरविन्द बागड़ी, सम्मेलन संयोजक राजेश गर्ग एवं शिव जिन्दल ने बताया कि वरिष्ठ समाजसेवी विनोद अग्रवाल सहित शहर के सभी प्रमुख वैश्य घटकों के पदाधिकारियों के मार्गदर्शन में नियमित बैठकों का सिलसिला शुरू हो चुका है। गीता भवन में आयोजित बैठक में दिनेश मित्तल के मुख्य आतिथ्य में सभी घटक समाजों की बैठक का आयोजन किया गया। टीकमचंद गर्ग केटी, राजेश चेलावत, शक्तिनाथ गुप्ता, अनिल खंडेलवाल, हर्ष मेहता, राजेश गर्ग केटी, निलेश अग्रवाल, हरीश विजयवर्गीय, अनिल तोडीवाल, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, सतीश गुप्ता, विशाल पोरवाल मौजूद थे।

# बिजासन क्षेत्र माहेश्वरी समाज स्वतंत्रता दिवस पर करेगा आयोजन

## नवनिर्वाचित प्रदेश, जिला और क्षेत्रीय पदाधिकारियों का सम्मान होगा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** श्री बिजासन क्षेत्र माहेश्वरी समाज द्वारा क्षेत्र में स्वतंत्रता दिवस महोत्सव 15 अगस्त को सुबह 9 बजे से महेश नगर धर्मशाला में आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन में पहले ध्वजा रोहण किया जाएगा और उसके बाद माहेश्वरी समाज के नवनिर्वाचित प्रदेश और जिला सभा एवं बिजासन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का सम्मान किया जाएगा। इस आयोजन में बिजासन क्षेत्र माहेश्वरी समाज के अलावा वरिष्ठ समाजसेवियों और विशिष्ट अतिथियों को भी आमंत्रित किया गया है और इस आयोजन के बाद भोजन का आयोजन भी मौजूद माहेश्वरी समाजजनों के लिए रखा गया है। उक्त जानकारी बिजासन क्षेत्र माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष महेश राठी गुड्डा ने दी।

# अग्रसेन ग्रुप ने इस साल भी वितरित की बालिकाओं को सायकल

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

अग्रसेन सोशल ग्रुप ने इस वर्ष भी बालिकाओं को साइकिल वितरण समारोह अविनाशी अखण्ड धाम आश्रम एयरपोर्ट रोड पर आयोजित किया। अग्रवाल समाज की 20 एवं अन्य समाजों की 5 बालिकाओं को यह सायकलें वितरित की गई। शिव जिंदल, राजेश गर्ग, कमलेश मित्तल ने बताया कि अब तक 22 सालों में 1000 सायकलों का वितरण बालिकाओं को किया जा चुका है। सायकल वितरण के बाद संतों, बालिकाओं और बालिकाओं के परिजनों के अलावा ग्रुप सदस्यों के लिए अखंड धाम में भोजन प्रसादी का आयोजन किया गया। इस दौरान शिव जिंदल, राजेश गर्ग, कमलेश मित्तल, अरविन्द बागडी, संजय मंगल, जगदीश गोयल, राजकुमार बंसल, राजू बंसल, सतीश गोयल, सत्येन्द्र जोशी, पवन बद्रुका विशाल बद्रुका सहित अन्य मौजूद थे।



# मार्निंग वाकर ग्रुप ने पौधारोपण के लिए खरीदे पौधे

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**



लालबाग पैलेस में मार्निंग वाकर ग्रुप ने पौधारोपण का आयोजन किया। महत्वपूर्ण बात यह रही कि ग्रुप सदस्यों ने इन पौधों को खुद खरीदा और पौधारोपण करने के साथ ही रोजाना इन पौधों की देखरेख और पौधों को बढ़ा करने के लिए देखरेख का संकल्प भी लिया। पंकज लड़ा, प्रदीप गुप्ता, पंकज अग्रवाल, राव, कपित्व, नारायण एवं पुलिस कर्मचारी मौजूद थे।



# गुलजार के विश्लेषण पर नाविक की पीएचडी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** डॉ. अंकुर नाविक ने गुलज़ार के साहित्य व सिनेमा का विश्लेषणात्मक अध्ययन विषय पर पीएचडी की। नाविक ने यह शोध प्रो.राजीव शर्मा के निर्देशन में किया। नाविक को शोध ग्रंथ सौपा गया। इस दौरान डॉ. प्रीति सिंह, डॉ. राजीव शर्मा, डॉ. मुकेश भार्गव, डॉ. रुपाली झंझोट, डॉ. हरीश गिडवानी, डॉ. नेहा, अनिश माकोड़े सहित अन्य शिक्षाविद मौजूद थे।

# जोशी का सम्मान



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** इंदौर में पालीवाल ब्राह्मण समाज 24 श्रेणी और वर्ल्ड हिंदू फेडरेशन से जुड़े हरीश जोशी मुन्ना का मुंबई में श्री मेढ़ महादेव युवा मंडल द्वारा किलेश्वर महादेव मंदिर पर आयोजित पालीवाल ब्राह्मण समाज 24 श्रेणी के आयोजन में सम्मानित किया। फिल्म अभिनेता सोनू सूद से भी जोशी की मुलाकात हुई।

# महिलाओं ने मनाया हरियाली सावन

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**



सरिता भाटिया, शालिनी खंडेलवाल, मेघा अग्रवाल, रंजना राठौर एवं रजनी सामवाल की अगुवाई में एम्पायर मैट्रो की 65 से अधिक महिलाओं ने इस हरियाले सावन का स्वागत लहरिया पहन और मेहंदी रचे हाथों से उत्सव के रूप में किया। शिव भजन प्रस्तुत किए। सावन पर आधारित गाने की प्रस्तुति भी हुई। मनोरंजन में गाने एवं डांस, तंबोला, चेयर रेस आदि का आयोजन किया गया। फ्रैंडशिप बैंड पहना कर सैलीब्रेट किया गया।

# जिला न्यायालय परिसर हॉल में आंखों की जांच

## चश्मों का हुआ वितरण अब आपरेशन होंगे

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** जिला न्यायालय परिसर के संवत्सर हाल में वरिष्ठ अभिभाषक कमल गुप्ता एवं बार एसोसिएशन के प्रयास से रोहित आई हॉस्पिटल एंड चेरिटेबल ट्रस्ट के सेवा कार्य द्वारा आंखों की जांच के लिए शिविर लगाया गया, चश्मों का वितरण भी हुआ। इस शिविर के बाद अभी पहले दौर में 10 लोगों के मोतियाबिंद आपरेशन के लिए



चयन हुआ है। कार्यक्रम में कार्यवाहक जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री देवेंद्र मिश्र मुख्य अतिथि थे, उनका स्वागत भी किया गया। डॉ ओपी अग्रवाल,अटल शाबीर चश्मा बैंक के ऑप्टिकलिस्ट खान, कमल गुप्ता, प्रमोद व्यास, संजय पंवार, मुजीब खान का स्वागत किया गया। नेत्र सर्जन डॉ. ओ.पी. अग्रवाल ने सेवाएं दीं। बार एसोसिएशन पदाधिकारी राकेश पाल, जितेन्द्र नीम, पल्लवी अध्यारु, धर्मेन्द्र गुर्जर, निमेश सोलंकी ने इस सेवा शिविर में अपनी भूमिका निभाई।



# फाइबर टू सिल्क फैब प्रदर्शनी का आयोजन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** गांधी हॉल में 'फाइबर टू सिल्क फैब'प्रदर्शनी का आयोजन 10 अगस्त तक किया जा रहा है। कई युवा भी सिल्स बने पहनावा में आकर्षित हुए, कई बुनकर अपनी कला और परम्परा लेकर स्टाल के माध्यम से इस प्रदर्शनी में बिक्री कर रहे हैं।

# लेखिका संघ ने किया आयोजन



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** लेखिका संघ द्वारा देवी अहिल्या पुस्तकालय के संगोष्ठी कक्ष में कार्यक्रम का आयोजन किया। 'स्मृति के झरोखे से' डॉ. सुरेखा भारती की पुस्तक पर चर्चा की गई। वरिष्ठ कवि सत्यनारायण सत्तन, डॉ. सुरेखा भारती, डॉ. योगेन्द्रनाथ शुक्ल, डॉ. स्वाति तिवारी, डॉ. ज्योति सिंह, डॉ. प्रतीक्षा शर्मा, डॉ. सुनीता श्रीवास्तव, प्रो. अरुणा सराफ, प्रभा तिवारी, कुसुम सोगानी, कविता चौहान, डॉ. रश्मि जोशी, कल्याणी गुप्ता, शीला बड़ोदिया, डॉ. अखिलेश राव, शिशिर उपाध्याय, मुकेश तिवारी, विनीता तिवारी, श्रीमती सत्तन, सरिता काला सहित अन्य मौजूद थे।

# 8 वर्षीय दैविक पुष्पाकर का रिकार्ड

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

8 वर्षीय प्रतिभाशाली बालक दैविक पुष्पाकर ने इंडिया बुक्स ऑफ रिकार्ड बनाया। दैविक ने मात्र 8 वर्ष 4 माह की आयु में 3 अंकों की संख्याओं को 1 अंक की संख्या से भाग देने वाले 100 डिवीजन प्रश्नों को मानसिक गणना कागज़ पर पेंसिल से सिर्फ़ 1 मिनट 50 सेकंड में हल कर उनके उत्तर लिखे। इस उल्लेखनीय उपलब्धि की आधिकारिक पुष्टि 24 जून 2026 को इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड द्वारा की गई। दैविक सबसे कम उम्र में, सबसे तेज एंव सबसे कम समय में 3 अंकों की संख्याओं को 1 अंक की संख्या के 100 डिवीजन (भाग) करने वाले विद्यार्थी बने!

# युवक कांग्रेस कार्यकर्ता रत्नेश जांगड़े की फेसबुक पोस्ट से राजनीतिक भूचाल, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार पर साधा निशाना...

**दतिया उपचुनाव के नतीजों के बाद सोशल मीडिया पर छिड़ी जंग, कांग्रेस में गुटबाजी और अनुशासनहीनता की चर्चा तेज**

**धार (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि नितिन राठौर)।** दतिया विधानसभा उपचुनाव के परिणाम सामने आने के बाद मध्य प्रदेश कांग्रेस के भीतर मची अंदरूनी खींचतान अब खुलकर सोशल मीडिया पर आ गई है,धार जिले में युवक कांग्रेस के एक अदने से कार्यकर्ता रत्नेश जांगड़े द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर की गई एक आपत्तिजनक टिप्पणी ने राज्य की राजनीति में नया विवाद






खड़ा कर दिया है। कार्यकर्ता ने सीधे तौर पर प्रदेश कांग्रेस के कद्दावर आदिवासी नेता और मध्य प्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार पर हमला बोला है, धार नगर युवक कांग्रेस से जुड़े रत्नेश जांगड़े ने दतिया चुनाव के नतीजों को लेकर फेसबुक पर एक तीखी पोस्ट साझा की,इस पोस्ट में उन्होंने नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के नेतृत्व और उनकी भूमिका पर कई गंभीर सवाल खड़े किए। राजनीतिक गलियारों में इस बात को लेकर हैरानी है कि एक कनिष्ठ कार्यकर्ता ने पार्टी के इतने बड़े और शीर्ष पद पर बैठे आदिवासी चेहरे के खिलाफ सार्वजनिक रूप से मोर्चा खोल दिया है, उमंग सिंघार मध्य प्रदेश कांग्रेस के सबसे कद्दावर और प्रमुख आदिवासी नेताओं में गिने जाते हैं,वे धार जिले की गंधवानी विधानसभा सीट से लगातार चार बार विधायक चुने गए हैं और वर्तमान में सदन में प्रतिपक्ष के नेता हैं,अपने ही गृह जिले के एक युवा कार्यकर्ता द्वारा सार्वजनिक रूप से किए गए इस हमले को कांग्रेस के भीतर लंबे समय से चल रही आपसी गुटबाजी से जोड़कर देखा जा रहा है। इस फेसबुक पोस्ट के वायरल होने के बाद से ही कांग्रेस संगठन के भीतर अनुशासन को लेकर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। भाजपा और अन्य विरोधी दलों को भी इस बहाने कांग्रेस पर तंज कसने का मौका मिल गया है। कांग्रेस के स्थानीय वरिष्ठ नेताओं में इस बात को लेकर भारी आक्रोश है और संगठन स्तर पर कार्यकर्ता के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की मांग उठने लगी है हालांकि, इस पूरे मामले पर अभी तक नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार या संगठन की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

# यातायात पुलिस अब करेगी बड़ी भमोरी पर नया प्रयोग

## पहले छोटी भमोरी पर लगाए थे सिग्नल, फिर हटाए थे

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** यातायात विभाग द्वारा पहले पाटनीपुरा क्षेत्र के ट्रैफिक कंट्रोल और जाम से राहत के लिए पिछले साल छोटी भमोरी क्षेत्र के आस्था-अनूप टॉकीज के सामने ट्रैफिक विभाग द्वारा क्षेत्र का ट्रैफिक कंट्रोल करने के लिए पोर्टेबल ट्रैफिक सिग्नल लगाए गए थे। जिन्हें कुछ समय बाद आखिर निगम को हटाना पड़ा। वही अब एक बार फिर लंबे समय बाद इस क्षेत्र के बिगड़े ट्रैफिक कंट्रोल के लिए यातायात विभाग द्वारा पुनः पहल करते हुए बड़ी भमोरी चौराहे पर ट्रायल के लिए हाल ही में नया चलित पोर्टेबल ट्रैफिक सिग्नल लगाया गया है ताकि क्षेत्र के नागरिकों को चौराहे पर रुकने और ट्रैफिक सिग्नल के नियम कायदों का पालन करने की प्रेरणा मिले।

साथ ही जाम से भी बड़ी आजादी मिलें। जबकि अभी यहां जाम से बेहद



ज्यादा हालत खराब है। यही नहीं अब विभाग की पहल पर नियम तोड़ने वालों को भी नए ट्रैफिक सिग्नल लगने से रुकने और नियम पालन करने का ज्ञान और आदत भी बनेगी। इसको लेकर निगम और ट्रैफिक विभाग का साथ क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों द्वारा आपसी सहमति से बिगड़े ट्रैफिक और जाम से राहत के लिए बड़ी भमोरी क्षेत्र में चौराहे पर पोर्टेबल ट्रैफिक सिग्नल लगाए गए हैं। ट्रैफिक विभाग के अधिकारियों का कहना है कि अभी सिग्नल प्रायोगिक तौर पर लगाए गए हैं। अगर इसका बेहतर रिस्पांस मिलता है तो फिर यहां परमानेंट नए सिग्नल लगाए जाएंगे।

जबकि पहले इस चौराहे पर सिग्नल नहीं होने से यहां से गुजरने वाले कोई भी वाहन चालक यहां रुकना पसंद नहीं करते थे। जिसके कारण आए दिन चौराहे पर वाहन चालक आपस में गुत्थम-गुत्था हो रहे थे। वही अभी ट्रैफिक विभाग द्वारा इस चौराहे का लंबे समय से बिगडे ट्रैफिक को कंट्रोल करने के लिए नए ट्रैफिक सिग्नल लगाए गए है। गौरतलब है कि इससे पहले आस्था अनूप टॉकीज के सामने छोटी भमोरी क्षेत्र में भी आए दिन लगने वाले जाम से राहत के लिए यातायात विभाग द्वारा पिछले साल ट्रैफिक सिग्नल लगाए गए थे लेकिन बाद में उसे हटाना पड़ा।



# इंदौर-उज्जैन सिक्स लेन का 80 फीसदी काम पूरा

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** इंदौर उज्जैन सिक्स लाइन प्रोजेक्ट का काम इन दिनों बहुत तेजी के साथ चल रहा है। करीब 80 फीसदी से ज्यादा काम पूरा भी हो चुका है। यही नहीं सिंहस्थ से पहले बाबा महाकाल की धार्मिक नगरी के प्रमुख मार्ग को रफ्तार देने के लिए इंदौर से उज्जैन के बीच आने वाले 5 से 6 फ्लाओवर ब्रिज में से वर्तमान में ज्यादातर से ट्रैफिक संचालन शुरू हो गया है। यही नहीं इंदौर के हिस्से के अरबिंदो अस्पताल के आसपास से लेकर वैष्णो कॉलेज तक के बड़े हिस्से में वर्तमान में दिन-रात तेजी के साथ काम चल रहा है और अब महज अंतिम चरण का काम बचा है जो बहुत तेजी के साथ चल रहा है।

वही इस प्रोजेक्ट की खास बात है कि वर्तमान में आधे से ज्यादा यानी करीब 80 फीसदी से ज्यादा काम पूरा हो गया है और पहले से अब इंदौरी भक्तों की बाबा महाकाल से दूरी भी घटने लगी है। एक से डेढ़ घंटे का लंबा सफ़र अब महज आधे से पौन घंटे में पूरा हो रहा है। हालांकि अरबिंदो के हिस्से में ब्रिज निर्माण और सर्विस रोड़ निर्माण एवं खराब हालात से दिक्कत हो रही है। वहीं इसके आगे भी काम चलने से जाम के कारण थोड़ी परेशानी हो रही है लेकिन आने वाले दिनों में यहां का काम पूरा होने के बाद फिर रफ्तार के साथ वाहन तेजी से यहां से गुजरेंगे जिससे बाबा महाकाल के भक्तों की अपने बाबा से दूरी घटेंगी।

# साग-भाजी सस्ती : भिंडी, गिलकी टमाटर और तोराई 40 से 50 रु. किलो

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** आवक अच्छी होने से इस बरसाती सीजन में वर्तमान में ज्यादातर सब्जियां फिलहाल सस्ती मिल रही है। जिसके अंतर्गत वर्तमान में रोजमर्रा में उपयोग की जाने वाली ज्यादातर सब्जियां जैसे भिंडी, गिलकी आलू टमाटर और तोराई जैसी सब्जियां इस समय 40 से रुपए 50 किलो के भाव आसानी से मिल रही है। जबकि बगैर सीजन के आने वाली मैथी और सुरजना की फली और शिमला मिर्च जैसी सब्जियां 60 से 80 रुपए किलो के भाव मिल रही है। इसके अलावा टमाटर और आलू प्याज के भाव भी 30 से लेकर रुपए 50 रुपए किलो के आसपास बताए जा रहे है। इधर कहा जा रहा है कि वर्तमान में बाहर से सब्जियां खूब आ रही है।जिसके कारण ज्यादातर सब्जियां सस्ती बताई जा रही है। यही नहीं पालदा क्षेत्र में थोक और खेरची भाव में सब्जी बेचने वाले प्रमुख व्यापारी वीरेंद्र पाल सिसोदिया, भेरुलाल गुर्जर ने बताया वर्तमान में आवक अच्छी होने से ज्यादातर सब्जियां सस्ती है। आने वाले दिनों में तेज बारिश और मौसम बिगड़ने पर जब सब्जियों की आवक में कमी होगी। तब यह सब्जियां महंगी बिकने लगेंगी।

# हनुमान मंदिर के सामने बनेगा बगीचा

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** विधानसभा 5 के वार्ड क्रमांक 54 में स्थित मयूर नगर क्षेत्र में गली नंबर 5 में स्थित मस्त मलंग हनुमान मंदिर पर बगीचा निर्माण और सौंदर्यकरण के कार्य के तहत क्षेत्रीय पार्षद महेश बारवाल के प्रयासों से पहले चरण में चारों ओर सुरक्षा बाउंड्रीवाल का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इसके बाद जल्द हनुमान मंदिर के आसपास चारों ओर लोगों के लिए बेहद जल्द सौंदर्यकरण के कार्य शुरू कर क्षेत्र के लोगों के लिए एक शानदार बगीचे का नवनिर्माण किया जाएगा। जिसके लिए क्षेत्रीय पार्षद महेश बसवाल ने अपनी ओर से यहां काम शुरू करवाने के लिए प्रयास तेज कर दिए हैं। पार्षद बसवाल ने बताया विधायक महेंद्र हार्डिया और महापौर पुष्यमित्र भार्गव के संयुक्त प्रयासों से मयूर नगर क्षेत्र की सभी 19 गलियों के बीच स्कूल के सामने स्थित मस्त मलंगा हनुमान मंदिर पर श्रद्धालुओं और क्षेत्र के रहवासियों की मांग पर मंदिर के सामने खाली पड़ी भूमि पर आमजन और भक्तों के लिए सार्वजनिक बगीचे का निर्माण और सौंदर्यकरण का कार्य बेहद जल्द शुरू किया जाएगा। जबकि पहले चरण में चारों ओर सुरक्षा बाउंड्रीवाल का काम किया जा रहा है।

## रहवासियों और निगम की प्लानिंग से शुरू होगा कार्य

इसके आलावा यहां के बचे कामों को लेकर भी निगम और रहवासियों के साथ प्लानिंग कर सौंदर्य करण योजना को जल्द मूर्त रूप देने के लिए भी तैयारी शुरू हो गई है। झोन 11 के अध्यक्ष एवं वार्ड 54 के पार्षद महेश बसवाल के मुताबिक मयूर नगर क्षेत्र के एकमात्र मंदिर वाले नवनिर्माणधीन बगीचे में क्षेत्र के रहवासियों और मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं की मांग पर चारों ओर सुरक्षा बाउंड्रीवाल के निर्माण का कार्य चल रहा है। इसके अलावा विधायक हार्डिया के सहयोग से लोगों के स्वास्थ्य के लिए जिम के उपकरण और बच्चों के लिए झूले चकरी सहित मनोरंजन के साधन जुटाने के प्रयास हो रहें है। वहीं महापौर भार्गव और निगम के सहयोग से बगीचे में सौंदर्य करण और हरियाली का काम किया जाएगा। जन सहयोग से यहां सैकड़ो की तादाद में 5 फीट से लेकर 10 फीट तक के पेड़ पौधे लगाए जाएंगे। रोशनी के लिए लाइटिंग और बैठक व्यवस्था की जाएगी। इसके अलावा सौंदर्य करण के कार्य भी शुरू किए जाएंगे। साथ ही लोगों की सुविधा के लिए मंदिर में धार्मिक और सामाजिक आयोजन करने के लिए वाटर प्रूफ शेड निर्माण भी करवाने की प्लानिंग की जा रही है।

# बस स्टैंड क्षेत्र का बिजली का पोल आधे से ज्यादा झुका

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** सरवटे बस स्टैंड के मुख्य गेट के सामने बिजली का खंबा टूटकर आधे से ज्यादा झुका पड़ा है। जिसके कारण बस स्टैंड पर रात-दिन आने वाले किसी भी यात्री के साथ जिम्मेदारों के लापरवाही से झुके खंबे के कारण टूट कर गिरने से दुर्घटना या हादसा होने की आशंका रहती है। लोगों की कई बार शिकायत के बावजूद हालत यह है की जिम्मेदार मामले में ध्यान नहीं दे रहे हैं। जबकि इस बस स्टैंड पर रोजाना हजारों यात्रियों का आना-जाना होता रहता है। उसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे है।



जिसके कारण यहां बारिश के मौसम में किसी भी दिन कोई गंभीर हादसा या दुर्घटना हो सकती है। बावजूद इसके सरवटे बस स्टैंड प्रबंधन और निगम व विद्युत मंडल इस मामले में ध्यान नहीं दे रहे है।

यही नहीं सरवटे बस स्टैंड की तरह तीन इमली ब्रिज पर भी तीन से चार बिजली के पोल टूटे हुए और कुछ झुके हुए हैं जिनके कारण किसी भी दिन कोई दुर्घटना या हादसा हो सकता है। लेकिन इसके बावजूद निगम के विद्युत विभाग के जिम्मेदार कर्मचारियों और अधिकारियों द्वारा लोगों की शिकायत के बाद भी लंबे समय से ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिसको लेकर लोगों में नाराजगी है। आसपास के रहवासियों के अनुसार बारिश में किसी भी दिन कोई दुर्घटना या हादसा हो जाए तो इसका जिम्मेदार कौन होगा। निगम के जिम्मेदार अधिकारियों को इन मामलों में संज्ञान लेकर तुरंत सुधार कार्य शुरू करना चाहिए।

## संपादकीय

### पंजाब में आतंकी नेटवर्क का पर्दाफाशः क्या सुरक्षा एजेंसियां समय रहते खतरे को पहचान पा रही हैं?

पुलिस की जांच में यह बात भी सामने आई है कि आतंकियों के इस गिरोह ने पंजाब में कई जगह रेल पटरियों के पास निगरानी कैमरे लगाए थे। सरकार का दावा है कि देश में आतंकवाद अब अपनी अंतिम सांसें ले रहा है, मगर हकीकत इससे कहीं अलग नजर आती है। सीमा पार से आतंकवाद भारत की सुरक्षा और शांति के लिए आज भी चुनौती बना हुआ है। विदेशी धरती से संचालित होने वाले आतंकी संगठन घुसपैठ से लेकर हिंसक गतिविधियों को अंजाम देने के लिए मौके की तलाश में रहते हैं। आंतरिक सुरक्षा को कमजोर करने की उनकी साजिश कई परतों में दिखाई देती है। पंजाब पुलिस ने बीते मंगलवार को दो आतंकी तंत्रों का भंडाफोड़ कर चार नाबालिगों समेत नौ लोगों को पकड़ा है। पुलिस का दावा है कि ये सभी पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के इशारे पर काम कर रहे थे। साथ ही यह खुलासा भी हुआ है कि आरोपी दिल्ली के जंतर-मंतर पर हुए छात्र आंदोलन को निशाना बनाने की साजिश रच रहे थे। पुलिस भले ही इसे अपनी कामयाबी के तौर पर देख रही हो, लेकिन इससे सुरक्षा और खुफिया एजेंसियों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो गए हैं कि आखिर इन आतंकी तंत्रों की भनक पहले क्यों नहीं लग पाई? पुलिस की जांच में यह बात भी सामने आई है कि आतंकियों के इस गिरोह ने पंजाब में कई जगह रेल पटरियों के पास निगरानी कैमरे लगाए थे। स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि इन कैमरों से ली गई तस्वीरें सीमा पार बैठे आकाओं को भेजी जाती थीं। हाल के दिनों में पंजाब में रेल पटरियों पर धमाके की कई घटनाएं हुई हैं और अब उन्हें भी आतंकियों की इसी तरह की साजिश से जोड़कर देखा जा रहा है। हैरत इस बात की है कि आतंकी गिरोह के सदस्य कैमरे लगाकर रेल पटरियों की नियमित निगरानी कर रहे थे और पुलिस एवं खुफिया एजेंसियों को इसकी जरा भी भनक नहीं लग पाई। यही नहीं, पुलिस का दावा है कि पकड़े गए आतंकी पिछले दिनों विद्यार्थियों के प्रदर्शन के दौरान पेट्रोल बम बनाने का सामान लेकर दिल्ली के जंतर-मंतर तक पहुंच गए थे। इसे सुरक्षा में लापरवाही नहीं, तो और क्या कहा जाएगा? प्रदर्शन के दौरान आतंकी अगर अपने मंसूबे में कामयाब हो जाते, तो किस तरह की स्थिति पैदा हो सकती थी, इसका अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है।

# गांजा बेचने का वीडियो बनाने पर किया हमला

**इंदौर।** गांधी नगर थाना क्षेत्र के नया बसेरा में अवैध रूप से गांजा बेचने का विरोध करने और मोबाइल व कैमरे से रिकॉर्डिंग करने पर बदमाशों ने तीन लोगों पर हमला कर दिया। आरोपियों ने फरियादी और उसके साथियों के साथ जमकर मारपीट की, डंडों से हमला कर चोट पहुंचाई तथा उनका मोबाइल और कैमरा तोड़ दिया। पुलिस ने पीड़ितों की शिकायत पर महिला सहित उसके अन्य साथियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### लाठी-डंडों से पीटा, कैमरा और मोबाइल तोड़ा

पुलिस के अनुसार, आदर्श इंदिरा नगर निवासी फरियादी विनोद पिता घनश्याम चौहान ने गांधी नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। फरियादी ने बताया कि वह शाम को अपने साथी हीरालाल विश्वकर्मा और भैरूलाल खेर के साथ नया बसेरा गांधी नगर गया हुआ था। वहां रशीदा की मां खुलेआम गांजा बेचने का प्रयास कर रही थी। जब उन्होंने इस अवैध गतिविधि को कैमरे से रिकॉर्डिंग करना शुरू कर दिया। कैमरा देखते ही रशीदा, उसकी मां, गफ्फार और उनके अन्य साथी भड़क गए और गालियां देने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने हाथ-थप्पड़ों से मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान आरोपी गफ्फार ने लकड़ी का डंडा उठाकर हीरालाल विश्वकर्मा पर हमला कर दिया, जिससे हीरालाल की पीठ, हाथ और पैरों में गंभीर चोटें आईं। झूमाझपटी और मारपीट के दौरान भैरूलाल का चश्मा टूट गया, साथ ही उनके मोबाइल और कैमरे को भी आरोपियों ने तोड़कर नुकसान पहुंचाया। जाते-जाते आरोपियों ने शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद पीड़ित थाने पहुंचे और आपबीती बताई। गांधी नगर थाना पुलिस ने फरियादी विनोद चौहान की रिपोर्ट पर आरोपी रशीदा, उसकी मां, गफ्फार और उनके अन्य साथियों के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज, तोड़फोड़ और धमकी देने का मामला दर्ज कर लिया है।

# दोस्ती से इंकार पर युवती की शादी तुड़वाने के लिए

### फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर मंगेतर को भेजे अश्लील मैसेज, केस दर्ज

**इंदौर।** अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र में एक सिरफिरे युवक द्वारा युवती की शादी तुड़वाने के लिए फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर अश्लील कमेंट्स और गाली-गलौज वाले मैसेज भेजने का मामला सामने आया है। आरोपी युवती द्वारा दोस्ती से इंकार करने पर रंजिश रख रहा था। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, घटना च्वॉइस पैलेस कॉलोनी निवासी 26 वर्षीय पीड़िता के साथ घटित हुई। पीड़िता ने अन्नपूर्णा थाने में उपस्थित होकर आरोपी सीमित वर्मा पिता संतोष निवासी छोटी ग्वालटोली, के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी पिछले कई दिनों से उसके घर के आसपास लगातार चक्कर काट रहा था और उसका पीछा कर परेशान कर रहा था। जब पीड़िता ने आरोपी से बात करने और दोस्ती करने से साफ इंकार कर दिया, तो आरोपी ने उसकी शादी तुड़वाने की साजिश रची। आरोपी ने पीड़िता और उसके परिवार के सदस्यों के नाम से फर्जी इंस्टाग्राम आईडी तैयार कर ली। इसके बाद आरोपी उस फेक आईडी से पीड़िता, उसके मंगेतर, दोस्तों और ससुराल पक्ष के लोगों को लगातार अश्लील कमेंट्स और गाली-गलौज भरे मैसेज भेजने लगा। पीड़िता को जब इस बात की जानकारी लगी तो उसने परिजनों के साथ थाने पहुंचकर आपबीती सुनाई। अन्नपूर्णा थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत के आधार पर आरोपी सीमित वर्मा के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।



# विद्या शक्ति अभियान में पायलट प्रोजेक्ट शुरू

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** शिक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के प्रभावी उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इंदौर जिले में 'विद्या शक्ति' अभियान के अंतर्गत एक अभिनव पायलट परियोजना प्रारंभ की गई। प्रथम चरण में कक्षा 6 से 8 तक के शिक्षकों को एआई आधारित शिक्षण पद्धति का प्रशिक्षण आज बाल विनय मंदिर में दिया गया। इस अवसर पर कलेक्टर शिवम वर्मा ने कहा कि एआई के माध्यम से शिक्षा व्यवस्था को अधिक प्रभावी, रोचक और परिणामोन्मुख बनाया जाएगा। कलेक्टर वर्मा ने कहा कि आईआईटी चेन्नई की टीम के सहयोग से जिले में शिक्षण की पारंपरिक पद्धति में नवाचार किया जा रहा है। एआई आधारित एप की सहायता से शिक्षक अपने लेक्चर प्लान, क्लासवर्क, होमवर्क तैयार करने, विद्यार्थियों की उत्तर पुस्तिकाओं का विश्लेषण करने तथा मूल्यांकन को अधिक व्यवस्थित बनाने जैसे कार्य आसानी से कर सकेंगे। अधिकारी मौजूद रहे।

# राहुल गांधीनगर वालों को मिलेंगी अगले माह नई सड़क की सौगात

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** पिपलिया पाला क्षेत्र में राहुल गांधी नगर के रहवासियों को आने वाले को अगले माह में बेहद जल्द नई सड़क निर्माण कार्य शुरू होने की सौगात मिलने वाली है। जिसके अंतर्गत हनुमान मंदिर से मेंनरोड पर प्रतिक्षा ढाबा तक निगम द्वारा लगभग 90 लाख रुपए से ज्यादा खर्चकर क्षेत्र के रहवासीयों के लिए नई सीमेंट सड़क का निर्माण किया जाएगा। इससे क्षेत्र के सैकड़ो रहवासी परिवारों की लंबे समय की मांग पूरी होने के साथ लोगों को सालों पुरानी आधी - अधूरी सड़क की बजाय नई चमचमाती सीमेंट सड़क की सौगात भी मिलने वाली है। खास बात यह है कि पिपलिया पाला क्षेत्र के रहवासियों में नई सड़क निर्माण की तैयारी से खुशी है की विधायक मधु वर्मा के प्रयासों से उनकी सालों पुरानी आधी अधूरी सड़क के बजाय अब नई सीमेंट सड़क बनने जा रही है। जिसको लड़का क्षेत्र के रहवासी लंबे समय से क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से मांग कर रहे थे वहीं विधायक के प्रयासों से अब जाकर लोगों को इस मानसून सीजन में नई सड़क की सौगात मिलने वाली है। जिससे लोगों में बेहद खुशी और उत्साह है। निगम अधिकारियों के मुताबिक इसी माह के अंत में टेंडर प्रक्रिया पूरी होते ही हाथों-हाथ नई सड़क निर्माण और चौड़ीकरण का कार्य जल्द से जल्द शुरू कर दिया जाएगा।

# शहर की बिजली व्यवस्था के अत्याधुनिकीकरण के प्रयास

### एमडी सिंह ने-33 केवी फीडरों के अंडरग्राउंड केबल कनेक्टिंग का कार्य देखा



**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह ने कहा हैं कि इंदौर महानगरीय क्षेत्र में बिजली व्यवस्था के अत्याधुनिकीकरण के हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। नए कार्य समय-समय पर होंगे, साथ ही मेंटेनेंस गतिविधियों को भी अत्याधुनिक तरीके से गुणवत्ता के साथ किया जाएगा, ताकि उपभोक्ता संतुष्टि में और बढ़ोत्तरी हो सके। सिंह ने उत्ताशय के विचार पोलोग्राउंड स्थित चंबल अति उच्चदाब बिजली सब स्टेशन से 33 केवी के 16 फीडरों की अत्याधुनिक तरीके से डक्ट निर्माण और अंडरग्राउंड केबल के माध्यम से कनेक्टिविटी कार्य के निरीक्षण के दौरान व्यक्त किए। सिंह ने कहा कि लंबे समय से ग्रिडों से फीडरों की कनेक्टिविटी के अत्याधुनिकीकरण की आवश्यकता थी, जिसे कंपनी के कार्मिकों ने सीमित अवधि में पूर्ण किया हैं। इससे शहर के पूर्व संभाग के एमजी रोड, सरवटे, रेलवे स्टेशन, पश्चिम संभाग के उज्जैन रोड, किला मैदान, एयरपोर्ट रोड, जवाहर मार्ग, मध्य शहर संभाग के राजमोहल्ला क्षेत्र, उत्तर संभाग के भागीरथपुरा, सांवेर रोड एवं अन्य औद्योगिक क्षेत्र को विशेष रूप से लाभ होगा। शहर में आपूर्ति सुधार के सिलसिले में कवर्ड कंडक्टर का कार्य भी प्रारंभ किया गया हैं।

## सोना-चांदी के आज के भाव

| गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
|---|---|
| 144900 | 149137 |
| सिल्वर कैश | एमसीएक्स |
| 224800 | 226347 |

फिजिकल भाव 1 बजे ओपन होता है ▪ निर्मल वर्मा घुंघरू



# अग्र बंधु यातायात में करेंगे सहयोग



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** अग्रवाल समाज महासंघ से जुड़े पदाधिकारी और सदस्यों ने यातायात पुलिस से मिलकर यातायात सहयोग का वादा किया। यातायात नियंत्रण में 150 से अधिक समाज बंधुओं ने यातायात नियमों में सहभागिता की। नितेश बंसल ने उक्त जानकारी दी।

# नैवैद्य टोंडे, कनिका जाट बने पुरुष एवं महिला एकल वर्ग में जिला चैंपियन

**इंदौर।** इंदौर जिला बैडमिंटन संघ द्वारा आयोजित रूसी पुनेगर स्मृति इंदौर जिला सीनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप-2026 पुरुष एकल में नैवैद्य टोंडे ने कन्हैया शर्मा को 15-7, 15-11 से पराजित कर पहली बार इंदौर जिला सीनियर पुरुष एकल चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया। महिला वर्ग के फाइनल में कनिका जाट ने शीर्ष वरीय ओजस्वी भोमिया को बेहद रोमांचक मुकाबले में 18-20, 15-10, 16-14 से पराजित कर पहली बार जिला सीनियर महिला एकल खिताब अपने नाम किया।

पुरुष युगल में ओम पटेल एवं कन्हैया शर्मा की जोड़ी ने अनिकेत परदेसी एवं वत्सल सोमन को 15-13, 15-11 से पराजित कर चैंपियन बनने का गौरव भी पहली बार हासिल किया। महिला युगल में गौरी चिट्टे एवं स्वाति सोलंकी की जोड़ी ने कनिका जाट एवं कृति तिवारी को 15-9, 15-12 से हराकर खिताब अपने नाम किया। मिश्रित युगल में अनिकेत परदेसी एवं स्वाति सोलंकी की जोड़ी ने कन्हैया शर्मा एवं कृति तिवारी को 15-11, 15-4 से पराजित कर मिश्रित युगल का खिताब अपने नाम किया और स्वाति सोलंकी ने दोहरा खिताब जीता।



पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह के मुख्य अतिथि राजेश डंडोतिया एसीपी, साइबर क्राइम थे। अध्यक्षता प्रतियोगिता के प्रायोजक सुमित घोरावत एवं सह-प्रायोजक प्रकाश धाकड़ ने की। इस अवसर पर सीमा बापना, श्याम मंगल तथा शोभा अग्रवाल, रजनीश जैन, श्वेतांग वर्मा, कमलप्रीत कौर नय्यर, कोच गौरव नमन सिंह एवं पराग गुप्ता भी उपस्थिति थे। अतिथियों का स्वागत इंदौर जिला बैडमिंटन संघ के सचिव आर. पी. एस. नय्यर, संघ अध्यक्ष डॉ. अनिल भंडारी, मनीष त्रिवेदी एवं रवि गुप्ता द्वारा किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन सुधांशु व्यास ने किया। खिलाड़ियों को कुल 41,000 की पुरस्कार राशि वितरित की गई। उल्लेखनीय है कि खिलाड़ियों के लगातार बेहतर प्रदर्शन एवं प्रतियोगिता के बढ़ते स्तर को देखते हुए इस वर्ष कुल पुरस्कार राशि 31,000 से बढ़ाकर 41,000 कर दी गई।

## एसए20 में पहली बार खेलेंगे मिचेल मार्श, फाफ डु प्लेसिस और कीरोन पोलार्ड को किया गया रिलीज

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका की टी20 लीग एसए20 का पांचवां सीजन पहले से भी ज्यादा रोमांचक होने वाला है। अगले सीजन से पहले फ्रेंचाइजियों ने अपने रिटेंशन और नए साइनिंग्स की घोषणा कर दी है। इसमें मिचेल मार्श, जो रूट, सैम करन, जेसन होल्डर और फिल सॉल्ट जैसे बड़े नाम शामिल हैं। ऑस्ट्रेलिया के टी20 कप्तान मिचेल मार्श पहली बार लीग में खेलते नजर आएंगे। तीन बार की चैंपियन सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने उन्हें अपनी टीम में शामिल किया है। मार्श टीम में क्विंटन डी कॉक, मैथ्यू ब्रीट्जके, जॉर्डन हरमन और कप्तान ट्रिस्टन स्टब्स जैसे बल्लेबाज हैं। 17 जनवरी से लीग के नए सीजन की शुरुआत होगी।

इंग्लैंड के ऑलराउंडर सैम करन इस बार डरबन सुपर जायंट्स के लिए खेलेंगे। वह यहां अपने साथी खिलाड़ी जोस बटलर के साथ नजर आएंगे। करन इससे पहले ऐंट20 के शुरुआती दो सीजन में एमआई केप टाउन का हिस्सा थे। इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान जो रूट एक बार फिर पार्ल रॉयल्स की जर्सी में दिखाई देंगे। इससे पहले भी वह टीम के लिए खेल चुके हैं और उन्होंने युवा बल्लेबाज लुआन-ड्रे प्रिटोरियस के साथ शानदार साझेदारियां की थीं।

पिछले सीजन की उपविजेता प्रिटोरिया कैपिटल्स ने अपनी बल्लेबाजी को और मजबूत करते हुए फिल सॉल्ट और ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज मैट शॉर्ट को टीम में शामिल किया है। दोनों खिलाड़ी फिलहाल द हंड्रेड में वेल्श फायर के लिए ओपनिंग कर रहे हैं। टीम में पहले से मौजूद डेवाल्ड ब्रेविस, शेरफेन रदरफोर्ड, आंद्रे रसेल और कॉनर एस्टरहुइजन के साथ कैपिटल्स का बल्लेबाजी क्रम काफी मजबूत नजर आ रहा है। वेस्टइंडीज के अनुभवी ऑलराउंडर जेसन होल्डर इस बार जॉबर्ग सुपर किंग्स के लिए खेलेंगे। टीम फिलहाल नए कप्तान की तलाश में है।

## उद्योगपतियों ने की गैस कंपनी के अधिकारियों से भेंट

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**




एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्रीज मध्यप्रदेश के प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष योगेश मेहता के नेतृत्व में अवंतिका गैस लि. के प्रबंध संचालक रूबिन पणीकर व कंपनी के अन्य अधिकारियों से भेट कर उद्योगों की बिलिंग की समस्या, पिछले वर्षो से बिलिंग में ब्याज की वसूली, गैस आपूर्ति दर व सुरक्षा निधि आदि संबंधित व अन्य व्यावहारिक कठिनाईयों को लेकर चर्चा की और उन्हें उद्योगों को आ रही समस्याओं से अवगत कराया। योगेश मेहता ने दरों में बदलाव व उसके अनुसार हो रही बिलिंग को लेकर एक देश एक दर से उद्योगों को गैस सप्लाय करने का भी अनुरोध किया। समय से बिलिंग न होने तथा वर्ष-2024 से बिलों में 3 वर्ष पुरानी ब्याज की वसूली किये जाने का एसोसिएशन विरोध करता है और इसमें उद्योगों को राहत प्रदान की जाना चाहिए, कंपनी को भी ऐसे कर्मचारियों के विरूध्द जांच कर विभागीय कार्यवाही करना चाहिए जिन्होंने समय से उद्योगों को बिल नहीं भेजे है इनकी गलती का खामियाजा उद्योग क्यो भुगते और ब्याज के रूप में पेनल्टी क्यो भरे। बैठक में तरूण व्यास, हरीश भाटिया, प्रमोद डफरिया, प्रभु सक्सेरिया,संस्कार दरियानी, मनाल भाटिया, मनीष वर्मा, अंतरीक्ष जोशी आदि अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## वैभव टी20 में मेरा सबसे ज्यादा रनों का रिकॉर्ड तोड़ देगा: बटलर

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज जोस बटलर ने टी20 क्रिकेट की दुनिया में एक बड़ा रिकॉर्ड बना दिया है। बुधवार को द हंड्रेड में वैल्श फायर के खिलाफ खेले गए मुकाबले में बटलर ने वेस्टइंडीज के पूर्व ऑलराउंडर कीरोन पोलार्ड का 14803 रनों का वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ दिया। इस मुकाम तक पहुंचने के लिए उन्हें महज 22 रनों की दरकार थी लेकिन बटलर ने 20 गेंदों में 2 चौकों और 6 छक्कों की मदद से नाबाद 51 रनों की तूफानी पारी खेलकर इतिहास रच दिया।






### बटलर के नाम हुआ टी20 का बड़ा रिकॉर्ड

522 मैचों की 494 पारियों में अब बटलर के नाम 14833 रन दर्ज हो चुके हैं। इस सर्वकालिक रिकॉर्ड को अपने नाम करने के बाद जोस बटलर ने बेहद खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा, यह सोचना वास्तव में बहुत शानदार है कि आपके नाम टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन हैं। यह मेरे लिए बेहद गर्व का पल है। कुछ महान खिलाड़ी इस सूची में शामिल हैं। हालांकि कोई न कोई एक दिन इस आंकड़े को भी पार कर जाएगा।

### वैभव सूर्यवंशी तोड़ सकते हैं रिकॉर्ड

इस ऐतिहासिक उपलब्धि को हासिल करने के बाद बटलर ने एक युवा भारतीय खिलाड़ी को लेकर बड़ा दावा किया। बटलर का मानना है कि उनका यह वर्ल्ड रिकॉर्ड भविष्य में भारत के 15 साल के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी तोड़ सकते हैं। सूर्यवंशी की तारीफ करते हुए बटलर ने कहा, कोई न कोई एक दिन इसे जरूर पछाड़ेगा और मुझे लगता है कि उनका नाम शायद सूर्यवंशी होगा।

### सूर्यवंशी का शानदार रिकॉर्ड

बटलर की यह भविष्यवाणी बेवजह नहीं है। महज 15 साल की उम्र में अपनी छाप छोड़ने वाले वैभव सूर्यवंशी ने अब तक खेले 40 टी20 मुकाबलों में 1670 रन बनाए हैं। राजस्थान रॉयल्स की तरफ से आईपीएल 2026 में खेलते हुए इस युवा बाएं हाथ के बल्लेबाज ने 16 मैचों में 776 रन कूटकर ऑरेंज कैप अपने नाम की थी और अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से दुनिया के दिग्गज गेंदबाजों की बखिया उधेड़ी थी।

## एफआईएच मेंस हॉकी वर्ल्ड कप में भिड़ेंगे भारत-पाकिस्तान

**नई दिल्ली।** वर्ल्ड हॉकी के सबसे बड़े और सबसे रोमांचक मंच पर एक बार फिर पारंपरिक प्रतिद्वंद्वी भारत और पाकिस्तान का आमना-सामना होने जा रहा है। 19 अगस्त की तारीख खेल प्रेमियों के लिए बेहद खास होने वाली है, जब एफआईएच मेंस हॉकी वर्ल्ड कप 2026 में दोनों चिर-प्रतिद्वंद्वी टीमें मैदान पर आमने-सामने होंगी। इस महामुकाबले की सरगर्मियों के बीच पाकिस्तान हॉकी फेडरेशन ने 5 अगस्त को अपनी 20 सदस्यीय मजबूत टीम और हाई-प्रोफाइल इंटरनेशनल मैनेजमेंट स्टाफ का आधिकारिक तौर पर ऐलान कर दिया।

वर्ल्ड कप में भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले इस मैच को लेकर दुनिया भर के हॉकी फैंस में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। इंटरनेशनल हॉकी में भारत और पाकिस्तान का इतिहास हमेशा से ही रोमांच और हाई-वोल्टेज ड्रामे से भरा रहा है। इस बार नीदरलैंड्स और बेल्जियम की संयुक्त मेजबानी में 15 से 30 अगस्त तक खेले जाने वाले इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में पाकिस्तान की टीम भारत को कड़ी टक्कर देने के इरादे से मैदान में उतरेगी। इस बड़े टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई करने के बाद, पाकिस्तान की नजरें एक बार फिर अपनी पुरानी स्वर्णिम विरासत को पुनर्जीवित करने पर टिकी हुई हैं।

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, हमारे पक्षकार क्रेता ने शहर इन्दौर के नयापुरा नंबर 1, इन्दौर पैकी स्थित म्यु. भवन क्रं. 278 (पुराना 201) जिसकी तल भूमि की साईज लंबाई 11 तथा चौडाई 40 फीट होकर इस प्रकार कुल 440 वर्गफीट है, मय और उस पर निर्मित संरचना को विक्रेतागण 1) **श्रीमती शबनम पति स्व. इलियास अहमद अंसारी, 2 ) अनस एवं 3 ) एजाज अहमद दोनों के पिता स्व. इलियास अहमद अंसारी, तीनों निवासी-12, जवाहर मार्ग, शालीमार प्लाजा, पटेल ब्रिज कार्नर, इन्दौर** (म.प्र.) से क्रय करने का लेखी अनुबंध किया होकर आंशिक प्रतिफल की बयाना राशि भी अदा कर दी है। यदि उपरोक्त सम्पत्ति पर किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, वित्तीय निकाय का किसी भी प्रकार का भार अथवा बोझ अथवा विक्रय संव्यवहार में आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस की निर्धारित अवधि में मय लेखी प्रमाण हमारे कार्यालय को प्रेषित करें, अन्यथा बाद उक्त अवधि उक्त संपत्ति का विक्रय-पत्र हमारे पक्षकार द्वारा पंजीकृत करवा लिया जावेगा तथा किसी भी प्रकार का कोई दावा या आपत्ति मान्य नही होगी तथा हमारे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नही रहेगी। ज्ञात हो इन्दौर, दिनांकः 05/08/2026

**महेश गर्ग एण्ड कम्पनी,**
**अधिवक्तागण, म.प्र. उच्च न्यायालय**
**186, देवी अहिल्या मार्ग, जेलरोड, इन्दौर म.प्र.**
**मो.-919302102000**

**इन्दौर नगर पालिक निगम**
**मोती तबेला झोन-32**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्रीमती मोनिका पति श्री आकाश अडयानी** द्वारा पंजीयन कार्यालय मोती तबेला स्थित निगम काउंटर झोन क्र. 32 राजस्व विभाग पर पिन नं. 1001312031 पर आवेदन प्रस्तुत कर मकान नं. 1-जी-14 अग्रवाल नगर इन्दौर क़े नाम दर्ज सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

यह सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन क्र. 32 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**मोती तबेला झोन-32**
**नगर पालिक निगम इन्दौर**



# संभागीय स्पर्धा के लिए इंदौर जिला स्क्वैश टीम घोषित

**इंदौर।** द एमराल्ड हाइट्स वर्ल्ड स्कूल में आयोजित अंतर-विद्यालयीन स्क्वैश प्रतियोगिता का समापन बुधवार को रोमांचक फाइनल मुकाबलों के साथ हुआ। प्रतियोगिता में शहर के विभिन्न विद्यालयों के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने आयु वर्ग में खिताब पर कब्जा जमाया। प्रतियोगिता के आधार पर आगामी संभागीय स्क्वैश प्रतियोगिता के लिए इंदौर जिला टीम का भी चयन किया गया, जो संभागीय स्तर पर जिले का प्रतिनिधित्व करेगी।

**चयनित इंदौर जिला टीम में बालक वर्ग - अंडर-14:** युवराज उदासी, हुसैन देवासवाला, अर्नव सिंघल, मनय झावेरी, जीवेश शर्मा।

**अंडर-17:** दक्ष फिरोदा, विशेष डागरा, आरव लोहिया, आरव झावर, रक्षण भाकर दिल्ली पब्लिक स्कूल, निपानिया।

**अंडर-19:** नोएल मसीह, इब्राहिम रावतिवाला, सहज सलूजा, सैयद आतिफ हुसैन , अंश अग्रवाल।

**बालिका वर्ग - अंडर-14:** शारण्या ठाकुर, काव्या झावर, पुनिका रामपुरिया, अनाया फत्तेपुरिया, अनिका बांडी।

**अंडर-17:** छवि पंचाल , रियाना जैन, शुभी गुप्ता , देशना रामपुरिया, आरना परसारी।

**अंडर-19:** पक्षालिका पाणिग्रही, अवनी खंडेलवाल, खुशी सक्सेना, चाहक खुराना, दृष्टि जेठवानी सेंट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल।

# रूद्र, वर्षा, तरुण ने जीते पदक

**इंदौर।** विद्या विजय बाल मंदिर स्कूल के दो खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक तथा एक खिलाड़ी ने रजत पदक प्राप्त किया।

इन खिलाड़ियों ने वेस्ट ज़ोन ताइक्वांडो प्रतियोगिता में भाग लिया था। पश्चिम क्षेत्र ताइक्वांडो प्रतियोगिता विद्यास्थली पब्लिक स्कूल दौसा राजस्थान में आयोजित साईएसाई नियमो के अनुरूप किया गया। इस प्रतियोगिता में रुद्र पाटिल ने स्वर्ण पदक , वर्षा डामोर ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया साथ ही तरुण पाटिल ने रजत पदक प्राप्त किया खिलाड़ियों के कोच बालक कोच रितिक यादव तथा बालिका कोच हिमांशी यादव बधाई कृता डॉ. कुणाल दोगने, प्रचार्य भुवनेश गीते, विश्वमित्र पुरस्कारी वीरेंद्र पवार तथा किशन बट्ठू ने बधाई दी।



# मप्र का योग स्पर्धा में दबदबा, जीते पदक

**इंदौर।** मेजबान म.प्र.के एमरल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल के खिलाड़ियों ने प्रदेश का मान बढ़ाते हुए प्रतिष्ठित ऑल इंडिया आइपीएससी योग स्पर्धा के विभिन्न वर्गों में स्वर्णिम सफलता हासिल की। इस चैंपियनशिप में देशभर के खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।



स्पर्धा के आर्टिस्टिक पेयर इवेंट के अंडर-17 बालक वर्ग में मेजबान एमरल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजेता टीम के लिए चाहित गुलिया व अधृत कुरियन ने विभिन्न आसनों की प्रभावी प्रस्तुति दी। अजमेर के मेयो कॉलेज को दूसरा स्थान मिला। इस टीम में हृदहान खातोद व तरश गर्ग शामिल थे। स्नेह अंदानी व विधान कोठारी के प्रदर्शन से राजकोट के राजकुमार कॉलेज को तीसरा स्थान मिला। आर्टिस्टिक पेयर अंडर-19 बालक वर्ग में आयांश अग्रवाल व रिधिमान सिंह की टीम ने अजमेर के मेयो कालेज को पहला स्थान दिलाया। मेजबान एमरल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। मेजबान टीम का प्रतिनिधित्व कृष मांगनानी व प्रीत पटहेजाद ने किया। राजकुमार कॉलेज के लिए हृदान पटेल व वंश पारेखद ने तीसरा स्थान हासिल किया। आर्टिस्टिक व्यक्तिगत इवेंट के अंडर-14 वर्ष बालक वर्ग में एमरल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल अर्नव कसलीवाल ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। अजमेर के मेयो कॉलेज भव्य को रजत और एलकेएस स्कूल के प्रत्यक्ष जैन को कांस्य पदक हासिल हुआ। अंडर-17 वर्ष बालक वर्ग में एमरल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल के चाहित गुलिया को स्वर्णिम सफलता मिली। मेयो कॉलेज के तरश गर्ग ने रजत और राजकुमार कॉलेज के विधान कोठारी ने कांस्य पदक प्राप्त किया। अंडर-19 वर्ष बालक वर्ग में एमरल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल युग यादव ने पहला स्थान प्राप्त किया।

# आयरलैंड को सीधे प्रवेश नहीं मिलेगा वर्ल्ड कप में

**दुबई।** आयरलैंड की 2027 वनडे वर्ल्ड कप के लिए सीधे क्वालीफाई करने की उम्मीदें उस समय खत्म हुई, जब बुधवार को उनका पहला वनडे मुकाबले अफगानिस्तान के खिलाफ बारिश की भेंट चढ़ा। बता दें, आयरलैंड और अफगानिस्तान के बीच इस समय 5 वनडे मैच की सीरीज खेली जा रही है। पहला मुकाबला ब्रेडी क्रिकेट क्लब में होना था, हालांकि बारिश के कहर की वजह से वहां मैच तो छोड़िए टॉस भी नहीं हो पाया। आईसीसी वनडे रैंकिंग में 12वीं रैंक वाली आयरलैंड को 30 सितंबर की कट-ऑफ से पहले अफगानिस्तान को वनडे सीरीज में 5-0 से रौंदना था, इसके अलावा उन्हें दुआ करनी थी कि वेस्टइंडीज की टीम भारत से कम से कम 2 वनडे हारे।

# बास्केटबॉल के रोचक मुकाबले जारी



**इंदौर ।** 14वीं सुनीता सिंह मेमोरियल इंटर स्कूल बास्केटबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन खेले गए मुकाबले रोमांच और उत्साह से भरपूर रहे। दूसरे दिन बालक वर्ग में सेंट विंसेंट पल्लोटी ने लिटिल फ्लावर को 12-11, आईपीएस राऊ ने चोइथराम स्कूल, मानिक बाग को 18-6, प्रूडेंशियल किड्स स्कूल ने सिक्का-78 स्कूल को 14-6, अग्रवाल पब्लिक स्कूल ने बिट्स पब्लिक स्कूल को 15-13, भवन्स प्रॉमिनेंट स्कूल ने किड्स कॉलेज को 17-3, सेंट नॉर्बर्ट स्कूल ने एकआईना स्कूल, राऊ को 25-4, डीपीएस राऊ ने श्री वैष्णव अकादमी को 21-14, सेंट पॉल स्कूल ने कैटालिस्ट वर्ल्ड स्कूल को 35-6, एमराल्ड हाइट्स 'बी' ने नेशनल पब्लिक स्कूल को 25-6, न्यू इरा पब्लिक स्कूल ने एसडीपीएस को 22-2 तथा शिशुकुंज इंटरनेशनल स्कूल नॉर्थ कैंपस ने ईवा वर्ल्ड स्कूल को 16-14 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया।

बालिका वर्ग में डीपीएस राऊ ने ईवा वर्ल्ड स्कूल को 46-4, ओमनी स्कूल ने प्रूडेंशियल किड्स स्कूल को 12-4, न्यू दिगंबर पब्लिक स्कूल ने एल.जी. अकादमी को 16-2, क्वींस कॉलेज ने कैटालिस्ट वर्ल्ड स्कूल को 17-2, एकआईना स्कूल, इंदौर ने मेडिकल स्कूल को 17-5, भवन्स प्रॉमिनेंट स्कूल ने एमजीएम स्कूल को 11-10 तथा सेंट मैरी स्कूल, महू ने पाकीज़ा स्कूल को 32-6 से पराजित कर अगले दौर में अपना स्थान सुरक्षित किया।



# मध्यप्रदेश सीनियर नेटबॉल टीम की घोषणा

**इंदौर।** भारतीय नेटबॉल संघ के तत्वाधान में हरियाणा नेटबॉल एसोसिएशन के द्वारा 44वीं सीनियर नेशनल नेटबॉल चौंपियनशिप पुरुष 2026-27 7 से 9 अगस्त तक नेताजी सुभाष चन्द्र बोस इंडोर स्टेडियम, नियर आगरा चौक, पलवल, हरियाणा में आयोजित होने जा रही है। इस प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश टीम प्रतिनिधित्तव करेगी इस टीम की घोषणा प्रदेश अध्यक्ष मयंक द्विवेदी ने की, उक्त जानकारी सचिव लक्ष्मण दातीर ने दी।



# इंदौर के सुमेध ने वर्ल्ड आर्निस चैंपियनशिप में जीता रजत

**इंदौर।** शहर के होनहार खिलाड़ी सुमेध श्रीवास्तव ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत और मध्यप्रदेश का गौरव बढ़ाया है। नई दिल्ली के तालकटोरा इंडोर स्टेडियम में वर्ल्ड एस्क्रीमा काली आर्निस फेडरेशन के तत्वावधान में आयोजित 18वीं वर्ल्ड एस्क्रीमा काली आर्निस चैंपियनशिप में सुमेध नेपैडेड स्टिक इवेंट में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए शानदार प्रदर्शन किया और रजत पदक अपने नाम किया।

# कल जैवलिन थ्रो चैंपियनशिप

**इंदौर।** इंदौर कॉर्पोरेशन एरिया एथलेटिक एसोसिएशन के सचिव राजेंद्र वर्मा ने बताया कि 7 अगस्त को मल्हार आश्रम ग्राउंड पर जैवलिन थ्रो प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जैवलिन थ्रो चैंपियनशिप में भारत को 2021 ओलंपिक में नीरज चोपड़ा द्वारा गोल्ड मेडल दिलाया गया था उसी कड़ी में भारतीय एथलेटिक फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा प्रतिवर्ष 7 अगस्त को जैवलिन डे मनाया जाता है।

# पाकिस्तान टीम का पाइंट टेबल पर बदलाव

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम ने दो मैचों की टेस्ट सीरीज के दूसरे मुकाबले में मेजबान वेस्टइंडीज को आठ विकेट से करारी शिकस्त दी। इस जीत के साथ ही मेहमान टीम ने सीरीज को 1-1 से बराबर कर लिया और विदेशों में लगातार 8 टेस्ट मैच हारने के अपने अनचाहे सिलसिले को भी खत्म कर दिया। इस शानदार जीत के दम पर वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 की ताजा अंक तालिका में पाकिस्तान अब एक पायदान ऊपर चढ़कर आठवें स्थान पर पहुंच गया है।



मैच के चौथे दिन पाकिस्तान को जीत के लिए महज 75 रनों का आसान लक्ष्य मिला था जिसे उसने लंच के तुरंत बाद दो विकेट खोकर आसानी से हासिल कर लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए कप्तान बाबर आजम ने अपनी नाबाद 24 रनों की पारी के दौरान जोमेल वारिकन पर लगातार दो छक्के जड़कर टीम को जीत दिला दी। उनके साथ पहली पारी के शतकवीर अब्दुल्ला शफीक भी 24 रन बनाकर नाबाद रहे। इस मुकाबले में शफीक ने पहली पारी में 160 रन की पारी खेली थी।

**8वें नंबर पर पहुंचा पाकिस्तान-** इस मुकाबले से मिले 12 महत्वपूर्ण अंकों के बाद पाकिस्तान का अंक प्रतिशत PCT सुधरकर 22.22 हो गया है और वह 9 टीमों की तालिका में वेस्टइंडीज को पछाड़कर 8वें नंबर पर आ गया है। दूसरी ओर, ऑस्ट्रेलियाई टीम 87.50 प्रतिशत पीसीटी के साथ तालिका में टॉप पर मजबूती से काबिज है। दक्षिण अफ्रीका 75.00 प्रतिशत के साथ दूसरे और न्यूजीलैंड 72.22 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर बना हुआ है। बांग्लादेश की टीम 58.33 पीसीटी के साथ चौथे स्थान पर मौजूद है। शुभमन गिल की कप्तानी वाली भारतीय क्रिकेट टीम के लिए यह डब्ल्यूटीसी चक्र अब तक मिला-जुला रहा है। भारतीय टीम 9 मैचों में 4 जीत, 4 हार और 1 ड्रॉ के साथ 48.15 पीसीटी लेकर पांचवें स्थान पर है।

# किराए के फ्लैट में हो रहा था ऑनलाइन सट्टे का संचालन

## 40 हजार नकद, लैपटॉप और 9 मोबाइल जब्त

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

शहर में अवैध ऑनलाइन गेमिंग और सट्टेबाजी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत राऊ थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने कैट रोड स्थित ट्रेजर फेंटेसी कॉलोनी के एक किराए के मकान पर दबिश देकर टेलीग्राम और व्हाट्सएप के जरिए ऑनलाइन सट्टा चला रहे एक शातिर सटोरिए को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से 40 हजार 350 रुपये नकद, 2 लैपटॉप, 9 एंड्रॉइड मोबाइल, 7 बैंक एटीएम कार्ड और वाई-फाई मोडेम जब्त किए हैं।

राऊ पुलिस को मुखबिर से सटीक सूचना प्राप्त हुई थी कि ट्रेजर फेंटेसी कॉलोनी के एक रिहायशी फ्लैट में किराए का मकान लेकर बड़े पैमाने पर ऑनलाइन सट्टे का संचालन किया जा रहा है। सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया और पुलिस टीम ने तत्काल बताए गए स्थान पर घेराबंदी कर छापेमारी की। मौके से आरोपी को हिरासत में लेकर



पूछताछ की गई, जिसने अपना नाम राहुल पिता प्रवीण निम्बोला निवासी राजेंद्र नगर बताया। पुलिस द्वारा फ्लैट की ली गई तलाशी के दौरान 2 लैपटॉप, 9 एंड्रॉइड फोन, 40 हजार 350 रुपये नकद, 7 एटीएम कार्ड और एयरटेल कंपनी का वाई-फाई मोडेम बरामद हुआ। पुलिस ने पूरी जब्ती की वीडियोग्राफी कराते हुए सामग्री को जब्त कर लिया और आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया। जांच में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि आरोपी 'जेएमडी पैनल' के नाम से टेलीग्राम ग्रुप के माध्यम से मास्टर आईडी लेकर व्हाट्सएप कॉलिंग के जरिए ग्राहकों को जोड़ता था और ऑनलाइन सट्टा खिलवाता था। सट्टे के पैसों का लेनदेन फर्जी और वर्चुअल बैंक अकाउंट्स के जरिए किया जाता था। पुलिस अब आरोपी के ऑनलाइन नेटवर्क से जुड़े अन्य सटोरियों और बैंक खातों के वित्तीय लेनदेन की विस्तृत जांच कर रही है। इस सराहनीय कार्रवाई में राऊ थाना प्रभारी निरीक्षक राजपाल सिंह राठौर, उपनिरीक्षक प्रवीण जाधव, आरक्षक कमलेश चौरे, नारायण यदुवंशी और उपेंद्र की प्रमुख भूमिका रही।

## युवती का पीछा कर की छेड़छाड़, विरोध करने पर दी धमकी

**इंदौर।** जूनी इंदौर थाना क्षेत्र में एक युवती के साथ छेड़छाड़ और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। आरोपी युवक ने सरेराह युवती का पीछा कर गलत नीयत से उसे छुआ और विरोध करने पर गंभीर अंजाम भुगतने की धमकी दी। पीड़िता की शिकायत पर जूनी इंदौर थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, घटना स्नेह नगर स्थित एक्यूसी लैब प्राइवेट लिमिटेड के पास घटित हुई। पीड़िता जब क्षेत्र से गुजर रही थी, तभी कालानी नगर निवासी आरोपी केतन चितले ने उसका पीछा करना शुरू कर दिया। आरोपी ने बुरी नीयत से युवती का रास्ता रोका और उसके साथ अभद्र हरकत करते हुए छेड़छाड़ की। जब युवती ने आरोपी के इस कृत्य का कड़ा विरोध किया और शोर मचाने का प्रयास किया, तो आरोपी केतन चितले ने उसे सरेराह जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद घबराई पीड़िता ने परिजनों को आपबीती बताई और थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

## झांसे में लेकर 80 हजार रुपये की ऑनलाइन चपत

**इंदौर।** तुकोगंज थाना क्षेत्र में ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। एक शातिर ठग ने पीड़ित को अपने झांसे में लेकर उससे करीब 80 हजार रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर करवा लिए। ठगी का अहसास होने पर पीड़ित ने तुकोगंज थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मोबाइल नंबर धारक के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, अज्ञात आरोपी ने मोबाइल के माध्यम से फरियादी से संपर्क किया और उसे तरह-तरह की बातों में उलझाकर अपने झांसे में ले लिया। आरोपी के झांसे में आकर फरियादी ने अलग-अलग माध्यमों से कुल 80 हजार रुपये की राशि ऑनलाइन ट्रांसफर कर दी। जब फरियादी को अहसास हुआ कि उसके साथ साइबर ठगी हो चुकी है, तो उसने पुलिस की शरण ली।

## धोखाधड़ी कर बुजुर्ग से 6.21 लाख रुपए ठगे

**इंदौर।** साइबर ठगों ने सांवेर क्षेत्र के एक बुजुर्ग को झांसे में लेकर करीब साढ़े छह महीने के दौरान 6.21 लाख रुपए की ठगी कर ली।शिकायत के बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी। सांवेर थाना क्षेत्र के ग्राम राजोदा निवासी 68 वर्षीय बुजुर्ग से अज्ञात साइबर ठगों ने धोखाधड़ी कर 6,21,461 रुपए अपने खातों में ट्रांसफर करा लिए। मामले की शिकायत पर पुलिस ने साइबर धोखाधड़ी सहित अन्य प्रासंगिक धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

### अज्ञात बदमाश की करतूत..

## टापरी की पन्नी फाड़कर बकरे-बकरियों की हत्या

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

तुकोगंज थाना क्षेत्र के अमर टेकरी इलाके में बेजुबान जानवरों के साथ क्रूरता की वारदात सामने आई है। अज्ञात बदमाश ने देर रात एक घर के बाहर बनी टापरी में घुसकर तीन बकरियों और एक बकरे की बेरहमी से हत्या कर दी। सुबह जब पीड़ित पशुपालक उठा तो चारों मवेशी मृत अवस्था में मिले और उनके गले पर चोट के निशान पाए गए। पीड़ित की शिकायत पर तुकोगंज थाना पुलिस ने अज्ञात बदमाश के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, अमर टेकरी निवासी फरियादी लोकेंद्र यादव पिता शिवप्रसाद यादव ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। फरियादी ने बताया कि वह अपने घर पर मवेशी पालन का काम करता है, जिसमें उसके पास तीन बकरियां और एक बकरा था। रोजाना की तरह उसने बीती रात करीब 1 बजे अपने चारों मवेशियों को घर के पास बनी पन्नी की टापरी में बांधकर गेट पर ताला लगा दिया और सोने चला गया। तड़के करीब 4 बजे जब लोकेंद्र की नींद खुली और वह टापरी की तरफ गया, तो वहां का नजारा देखकर उसके होश उड़ गए। उसने देखा कि टापरी की पन्नी फटी हुई थी और अंदर उसकी तीनों बकरियां और बकरा मृत अवस्था में पड़े हुए थे। मवेशियों के गले पर गंभीर चोट और कसने के निशान दिखाई दे रहे थे। फरियादी के अनुसार, किसी अज्ञात बदमाश ने रंजिश या आपराधिक मानसिकता के चलते टापरी की पन्नी फाड़कर अंदर प्रवेश किया और चारों बेजुबान जानवरों की गला घोंटकर या चोट पहुंचाकर हत्या कर दी। घटना की सूचना मिलते ही तुकोगंज पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की।

## एयरपोर्ट और इंडिगो एयरलाइंस में नौकरी का झांसा देकर 5.29 लाख की ठगी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

तुकोगंज थाना क्षेत्र में एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया और इंडिगो एयरलाइंस में नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। आरोपी ने तीन बेरोजगार युवाओं को फर्जी ऑफर और जॉइनिंग लेटर थमाकर उनसे कुल 5 लाख 29हजार 49 रुपये हड़प लिए। धोखाधड़ी का अहसास होने पर पीड़ितों ने पुलिस की शरण ली। तुकोगंज थाना पुलिस ने शिकायत की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, एमजी रोड स्थित अक्शा इंटरनेशनल कोचिंग इंस्टीट्यूट के पास घटित इस वारदात को लेकर फरियादी अमित कुमार प्रजापति, रितेश वर्मा निवासी स्कीम नंबर 78 और मनस्वी गहलोत ने संयुक्त रूप से रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ितों ने पुलिस को बताया कि आरोपी वैभव मेहता निवासी विनोबा नगर ने उन्हें नामी एयरलाइंस और सरकारी विमानन प्राधिकरण में नौकरी लगवाने का लालच दिया था। आरोपी वैभव मेहता ने झांसे में लेते हुए फरियादी मनस्वी गहलोत से 1 लाख 14 हजार 650 रुपये, रितेश वर्मा से 2 लाख 74 हजार 399 रुपये और अमित प्रजापति से 1 लाख 40 हजार रुपये ऐंठ लिए। इस तरह आरोपी ने तीनों से कुल 5 लाख 29 हजार 49 रुपये वसूल लिए और उन्हें फर्जी ऑफर व जॉइनिंग लेटर सौंप दिए। जब पीड़ित जॉइनिंग की प्रक्रिया के लिए पहुंचे, तब उन्हें अपने साथ हुई ठगी का पता चला। पीड़ितों की शिकायत और दिए गए आवेदनों की जांच के बाद पुलिस ने प्रथम दृष्टया आरोपी वैभव मेहता द्वारा अपराध घटित करना पाया। तुकोगंज थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी सहित संबंधित धाराओं में आपराधिक प्रकरण दर्ज कर लिया है।

## पुराने पैसों के विवाद में युवक पर नुकीली वस्तु से हमला, केस दर्ज

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

खजराना थाना क्षेत्र के गोहर नगर में पुराने पैसों के लेनदेन के विवाद को लेकर दो युवकों ने एक शख्स पर हमला कर दिया। घर के बाहर खड़े युवक के साथ आरोपियों ने अकारण गाली-गलौज करते हुए हाथ-मुक्कों और किसी नुकीली वस्तु से वार कर दिया, जिससे पीड़ित की आंख के पास और हाथ पर गंभीर चोट आई। बीच-बचाव करने आए परिजनों को देखकर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार, फरियादी आमीन पिता मुक्तियार खान ने खजराना थाने में उपस्थित होकर शिकायत दर्ज कराई है। फरियादी ने बताया कि वह अपने घर के बाहर खड़ा हुआ था, तभी गोहर नगर के ही रहने वाले आरोपी मोहसिन और समीर वहां पहुंचे। दोनों आरोपी पुराने पैसों के विवाद को लेकर फरियादी के साथ अकारण गालियां देने लगे। जब आमीन ने गाली-गलौज करने का विरोध किया, तो दोनों आरोपियों ने उसके साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के दौरान ही आरोपी मोहसिन ने अपने पास रखी किसी नुकीली वस्तु से आमीन पर हमला कर दिया। हमले में फरियादी के दाहिने हाथ के अंगूठे के पास और बाएं आंख की भौंह के ऊपर गंभीर चोट लग गई, जिससे मौके पर ही खून बहने लगा। शोर-शराबा सुनकर फरियादी के भाई रेहान खान, हासिम और अनस मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर आमीन को बचाया। परिजनों को आता देख आरोपी मोहसिन और समीर जाते-जाते धमकी दे गए कि यदि आइंदा उनकी बात नहीं मानी तो जान से खत्म कर देंगे।

## दो सूने मकानों के ताले तोड़कर सोने-चांदी के जेवर और नकदी चोरी

**इंदौर।** शहर के अलग-अलग इलाकों में बेखौफ बदमाशों द्वारा बंद और सूने मकानों को निशाना बनाने का सिलसिला जारी है। चोरी की ताजा वारदातें राऊ और बाणगंगा थाना क्षेत्र में सामने आई हैं, जहां चोरों ने दो सूने मकानों के ताले चटकाकर सोने-चांदी के कीमती आभूषण और हजारों रुपये की नकदी पर हाथ साफ कर दिया। दोनों मामलों में पीड़ितों की शिकायत पर संबंधित थाना पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पहली वारदात राऊ थाना क्षेत्र अंतर्गत पलास परिसर फेज-1 की है। पुलिस के अनुसार, पलास परिसर स्थित एक फ्लैट के रहवासी जब मकान में ताला लगाकर बाहर गए हुए थे, तभी अज्ञात बदमाशों ने मौका पाकर फ्लैट का ताला तोड़ दिया। घर के अंदर दाखिल हुए चोरों ने अलमारी के ताले चटकाए और उसमें रखे सोने-चांदी के पुराने आभूषण व नकद राशि चुराकर रफूचक्कर हो गए। जब परिजन वापस लौटे, तो ताला टूटा और सामान बिखरा देख चोरी का अहसास हुआ, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। वहीं चोरी की दूसरी वारदात बाणगंगा थाना क्षेत्र की कालिंदी गोल्ड कॉलोनी में घटित हुई। यहां चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए मुख्य द्वार का ताला तोड़ दिया। चोर घर के अंदर रखी अलमारी से सोने की चेन, अंगूठी, झुमकी, मंगलसूत्र की चेन, बाली और पेंडल सहित चांदी का कमरबंद, पायजेब, बच्चों के कड़े, ब्रेसलेट और करीब 17 हजार रुपये नकद बटोर ले गए। घटना का पता चलने पर पीड़ित ने बाणगंगा थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।